seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

रवि पुष्य नक्षत्र आज

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 299 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12

श्रीगंगानगर, रविवार, 01 नवम्बर, 2026

seema-sandesh.com

आम आदमी के लिए जरूरी; केंद्र सरकार और विभिन्न नियामक संस्थाओं द्वारा एक नवम्बर से लागू किए जा रहे इन नियमों की अनदेखी से वित्तीय नुकसान या जरूरी काम अटक सकते हैं

आज से बदल रहे हैं ये 10 बड़े नियम: बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड और मोबाइल कॉलिंग में होंगे अहम बदलाव

नई दिल्ली।

1 नवंबर 2026 से देश में आम आदमी की जेब, रसोई, मोबाइल और कामकाजी व्यवस्था से जुड़े कई अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। केंद्र सरकार और विभिन्न नियामक संस्थाओं द्वारा लागू किए जा रहे इन नियमों की अनदेखी से वित्तीय नुकसान या जरूरी काम अटक सकते हैं। रसोई गैस की दरों के संबंध में फैसला होगा, वहीं भारतीय स्टेट बैंक के बाद पीएनबी ने भी क्रेडिट कार्ड नियम बदल दिए हैं।

बैंक खातों में 4 नॉमिनी



बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट के तहत अब ग्राहक अपने सिंगल या जॉइंट बैंक खाते में अधिकतम 4 नॉमिनी जोड़ सकेंगे। इससे भविष्य में संपत्ति के उत्तराधिकार तय करने में आसानी होगी।

क्रेडिट कार्ड के बदले नियम



पीएनबी क्रेडिट कार्डधारकों को हर बार रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम करने पर 99 अतिरिक्त शुल्क देना होगा। कैश विड्रॉल और बिल पेमेंट शुल्क भी संशोधित किए गए हैं।

HUID कोड सोना नहीं



बीआईएस नियमों के तहत सराफा बाजारों में केवल वही सोने के आभूषण बिकेंगे, जिन पर 6 अंकों का कोड अंकित होगा। प्रामाणिकता बीआईएस केयर ऐप से जांची जाएगी।

स्पैम कॉल्स पर शिकंजा



ट्राई के नए नियमों के तहत टेलीकॉम कंपनियों (जियो, एयरटेल, वीआई, बीएसएनएल) के लिए इनकमिंग कॉल पर कॉलर का वास्तविक नाम डिस्प्ले करना अनिवार्य होगा।

एलपीजी समीक्षा व ई-केवाईसी



तेल कंपनियां घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों की मासिक समीक्षा करेंगी। घरेलू सिलेंडर सब्सिडी जारी रखने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य कर दिया गया।

1,500 में साल का टोल पास



टोल प्लाजा के 20 किमी दायरे में रहने वाले स्थानीय निजी वाहन मालिकों को राहत देते हुए सरकार ने वार्षिक लोकल पास की व्यवस्था की है।

दिल्ली में प्रदूषण पाबंदियां



विंटर एक्शन प्लान में गैर-बीएस-6 व्यावसायिक वाहनों पर रोक, प्रदूषण प्रमाण पत्र होने पर ही ईंधन , दोगुनी पार्किंग फीस तथा 50% वर्क फ्रॉम होम जैसे नियम लागू ।

दिल्ली में दफ्तरों का बदला समय



ट्रैफिक और प्रदूषण नियंत्रण के तहत एमसीडी दफ्तर सुबह 8:30 से शाम 5:00 बजे तक और दिल्ली सरकार के अन्य दफ्तर सुबह 10:00 से शाम 6:30 बजे तक खुलेंगे।

पेंशनर्स के लिए लाइफ सर्टिफिकेट



पेंशन जारी रखने के लिए पेंशनभोगियों को 30 नवंबर तक जीवन प्रमाण पोर्टल, बैंक या डाकघर के माध्यम से वार्षिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

जीएसटी में कारोबारियों को राहत



फाइनेंस एक्ट के नए प्रावधानों से बिक्री उपरांत डिस्काउंट को टैक्स वैल्यू से बाहर होगा। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर में 90% तक का प्रोविजनल रिफंड तुरंत मिल सकेगा।

पेट्रोल निर्यात पर टैक्स खत्म, डीजल पर बढ़ाया



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात शुल्क में बदलाव किया है। वित्त मंत्रालय की नई अधिसूचना के अनुसार 31 अक्टूबर 2026 से पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। वहीं, डीजल पर निर्यात शुल्क 8.5 रुपये से बढ़ाकर 11.5 रुपये प्रति लीटर और हवाई ईंधन पर 10.50 रुपये से बढ़ाकर 11 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। सरकार के अनुसार घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

कमजोर मानसून से खाद्य महंगाई का खतरा, बैंक ऑफ बड़ौदा रिपोर्ट में जताई आशंका

महंगाई नियंत्रण के लिए रिजर्व बैंक कर सकता है ब्याज दरों में बढ़ोतरी

नई दिल्ली।

देश में कर्ज लेने वाले लोगों को आने वाले समय में बढ़ी हुई ब्याज दरों का सामना करना पड़ सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) महंगाई और बाजार में उपलब्ध नकदी को नियंत्रित करने के लिए मौजूदा चक्र में नीतिगत ब्याज दरों में 0.50 से 0.75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकता है।

कमजोर मानसून से बढ़ सकता है महंगाई दबाव : कृषि क्षेत्र को लेकर रिपोर्ट में चिंता जताई गई है। अल नीनो के प्रभाव के कारण इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से 13 प्रतिशत कम रहा। इससे खरीफ फसलों का उत्पादन प्रभावित हुआ है और जलाशयों में पानी का स्तर भी घटा है। इसका असर आगामी रबी फसलों की बुआई पर पड़ सकता है, जिससे खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2026 तक केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा घटकर 4.4 प्रतिशत रह गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5.1 प्रतिशत था। अप्रैल से सितंबर के बीच सरकार के कुल राजस्व में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

आरबीआई ने बदला मौद्रिक रुख

रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई ने हाल ही में करीब चार साल बाद नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने अपना रुख 'न्यूट्रल' से बदलकर 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' कर दिया था। बैंक ऑफ बड़ौदा का मानना है कि बैंकिंग सिस्टम में मौजूद अतिरिक्त नकदी को कम करने के बाद आरबीआई आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में भी दरें बढ़ा सकता है।

त्योहारी सीजन में मांग मजबूत

रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर में देश में खपत और मांग की स्थिति मजबूत रही। त्योहारी सीजन के चलते ऑटो बिक्री, इलेक्ट्रॉनिक सामान और गैर-तेल व गैर-सोने के आयात में तेजी दर्ज की गई। बिजली की मांग, स्टील की खपत और व्यक्तिगत ऋण क्षेत्र में बढ़ोतरी भी आर्थिक गतिविधियों में मजबूती का संकेत दे रही है। हालांकि, आरबीआई के सर्वे का हवाला देते हुए रिपोर्ट में उपभोक्ता भरोसे में कमी को लेकर चिंता जताई गई है।

संघ कल से संगठन बदलाव, चुनावों व सामाजिक मुद्दों पर रणनीति बनाएगा

इंदौर में संघ की तीन दिवसीय बैठक में जुटेंगे प्रमुख पदाधिकारी

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अ. भा. कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक 2 नवंबर से इंदौर में शुरू होगी। संघ की संगठनात्मक व्यवस्था में प्रस्तावित बदलावों के लिहाज से इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकारिणी के 408 सदस्य शामिल होंगे।

प्रांत की जगह संभागीय व्यवस्था पर चर्चा : बैठक में संघ की संगठनात्मक संरचना में बदलाव को लेकर मंथन किया जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत प्रांत के स्थान पर



संभागीय क्षेत्र के आधार पर संगठन का संचालन करने की योजना पर चर्चा होगी। इसके साथ ही नई जिम्मेदारियों और पदाधिकारियों की भूमिकाओं को भी अंतिम रूप दिया जा सकता है। बैठक में नए दायित्वों की घोषणा की संभावना भी जताई जा रही है।

शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की होगी समीक्षा : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को लेकर देशभर में विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। बैठक में इन कार्यक्रमों की प्रगति और प्रभाव की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी संगठनात्मक चुनावों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। मार्च में सरसंघचालक, सरकार्यवाह सहित अन्य पदों और जिला स्तर के चुनाव प्रस्तावित हैं। बैठक में देश में हाल के आंदोलनों, सोशल मीडिया अभियानों, नशीले पदार्थों की बढ़ती समस्या और बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेप जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। संघ पदाधिकारियों के अनुसार नई तकनीकों का विरोध नहीं है।

अनेक जगह रेलगाड़ियां भारी भीड़ के कारण रुकीं, रामलीला मैदान में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू

कांग्रेस-भाजपा की रैली आज, भारी पुलिस बंदोबस्त

राजधानी में रविवार को रामलीला मैदान में जहां कांग्रेस की रैली होगी, वहीं दूसरी ओर भाजपा ने दिल्ली की सड़कों पर रैली निकालने की घोषणा कर माहौल को गर्मा दिया है। इन स्थितियों में पुलिस का हर जगह भारी बंदोबस्त किया गया है। राजधानी के अनेक पड़ोसी राज्यों से कांग्रेस की रैली में आने वाले लोगों की भारी भीड़ के चलते स्थिति काबू से बाहर हो गई और कई जगह ट्रेनें रुकी होने की खबर है। दोनों दलों के नेता एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।

वोट काटने वाले देश के अपराधी

नई दिल्ली। शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त



ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के 'सांकेतिक महाभियोग' कार्यक्रम के दौरान चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची से 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और यह संख्या देश के कुल मतदाताओं का करीब 15 फीसदी है। अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में इन मतदाताओं ने वोट डाला था, तो अब उनके नाम हटाने का क्या मतलब है? चुनाव में जीत और विपक्ष के बीच वोटों का अंतर करीब 3 फीसदी था। चुनाव आयोग खुद यह संकेत दे रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन लोगों ने वोट दिया, उनमें से बड़ी संख्या ऐसे मतदाताओं की थी, जिन्हें वोट नहीं देना चाहिए था। इसका मतलब है कि निर्वाचन आयोग खुद यह कह रहा है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध चुनाव है। उन्होंने बोला कि 'वोट काटने वाले देश के अपराधी हैं।' उन्होंने कहा कि मोदी शाह से तो निपट लेंगे, लेकिन पहले उनके छोड़े गए हथियार ज्ञानेश कुमार को निपटा दें। अगर ज्ञानेश कुमार सोचते हैं, या उनके नीचे पांच या सात लोग सोचते हैं कि बेदाग रहने से वो बच जाएंगे तो हम भागने नहीं देंगे। मैं यह प्यार और स्नेह के साथ कह रहा हूं। हम बुरे या दुष्ट लोग नहीं हैं, लेकिन हम संविधान और हमारी जनता की आवाज की रक्षा करेंगे। ज्ञानेश कुमार का महाभियोग ही नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें राजद्रोह के लिए कोर्ट में भी ट्रायल होना चाहिए ताकि न्याय मिल सके।

■ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने सीईसी के खिलाफ एक प्रस्ताव रखा और आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर निर्वाचन आयोग चला रहे हैं। हमें सीईसी से कोई पर्सनल दुश्मनी नहीं है। हमारा मकसद है कि इलेक्शन कमीशन बिना किसी भेदभाव के, कॉन्स्टिट्यूशन की भावना के हिसाब से काम करे, ताकि आम आदमी का उस पर भरोसा बना रहे। हमें यह पक्का करना होगा कि कमजोर तबके, महिलाओं और युवाओं के वोटिंग राइट्स को दिल्ली में बैठा कोई चुपके से कंप्यूटर से डिलीट न कर दे...! खड़गे ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्होंने एमपी चुराए हैं, पॉलिटिकल पार्टियों को तोड़ा है, सरकारें गिराई हैं, और इलेक्टोरल बॉन्ड, ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया है, और अब वे वोट चुरा रहे हैं।

इंडिया गठबंधन ने लगाए छह आरोप

- चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और मतदाताओं के अधिकारों पर खतरा
- मतदाता सूची से नाम हटाने का आरोप
- 2023 के कानून से सीईसी को अधिक सुरक्षा देने का आरोप
- फॉर्म-6 में बदलाव का आरोप
- चुनावी सूची पर नियंत्रण केंद्रीकृत करने का आरोप
- संवैधानिक जिम्मेदारी में विफल रहने का आरोप

ज्ञानेश कुमार को जेल जाना होगा

सामाजिक कार्यकर्ता नेहा बोरा ने भी चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म-6 में बदलाव युवाओं को मतदान के अधिकार से वंचित करने की कोशिश है। नेहा बोरा ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को केवल महाभियोग का सामना नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें जेल भी जाना होगा।

पटेल के वोट चोरी करके नेहरू प्रधानमंत्री बने थे : पात्रा

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के कार्यक्रम पर संबित पात्रा ने नेहरू, राहुल गांधी और विपक्ष



को निशाने पर लिया। उन्होंने एसआईआर का बचाव करते हुए मृत मतदाताओं के नाम हटाने और फॉर्म-6 से नाम जुड़वाने का दावा किया। पात्रा ने आरोप लगाया कि देश में पहली वोट चोरी जवाहरलाल नेहरू के समय हुई थी। उन्होंने दावा किया कि नेहरू ने सरदार वल्लभभाई पटेल के वोट चुराकर प्रधानमंत्री पद हासिल किया था। पात्रा ने विपक्ष के कार्यक्रम को 'मॉक पार्लियामेंट' बताते हुए कहा कि कांग्रेस संसद का मजाक बना रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष आज वोट चोरी का आरोप लगा रहा है, जबकि देश में पहली बार ऐसा नेहरू के समय हुआ था। पात्रा ने नेहरू को 'बिना चुनाव के प्रधानमंत्री' बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा सांसद ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का बचाव किया। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में करीब 13 करोड़ लोगों के नाम अभी अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मतदाता सूची से 2.8 करोड़ मृत लोगों के नाम हटाए गए हैं। ऐसा मतदाता सूची को साफ और सही बनाने के लिए किया गया है। पात्रा ने पश्चिम बंगाल का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि वहां मृत लोगों के नाम पर फर्जी मतदान होता था। एसआईआर के दौरान मृतकों के नाम हटने से इस बार ऐसे मतदान पर रोक लगी है। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर फॉर्म नहीं भर रहे और नोटिस का जवाब भी नहीं दे रहे। ऐसे लोगों को उन्होंने घुसपैठिया बताया। उन्होंने कहा कि केवल भारतीय नागरिकों को ही मतदान का अधिकार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्तों ने साथ बैठकर फैसला लिया था और इसकी जानकारी साझा की थी। पात्रा के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में दिए गए हलफनामे में भी आयोग का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया बताया गया है। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि बार-बार झूठ दोहराने से कोई बात सच नहीं हो जाती। भाजपा सांसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त को कानूनी सुरक्षा देने के मुद्दे पर भी सफाई दी। प्रेस वार्ता के अंत में संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी में राजनीतिक रूप से आगे बढ़ने की क्षमता नहीं है।

जनता ने फेल प्रोजेक्ट को नकारा : जोशी

जयपुर। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस नेतृत्व और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कभी नहीं जीत सकती। चुनाव में हार के बाद कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं, अदालतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने लगती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में भ्रम और अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। जोशी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसे 'फेल प्रोजेक्ट' को बार-बार नए रूप में पेश कर रही है, जिसे जनता पहले ही खारिज कर चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का एकमात्र रास्ता चुनाव है और जनता का फैसला सर्वोपरि है।



चूरू: जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन



सीमा सन्देश # चूरू

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को जिला मुख्यालय पर ह्यरन फॉर यूनिटीह्व का आयोजन किया गया। जिला खेल स्टेडियम से शुरू हुई दौड़ को चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, नगर परिषद सभापति विनय गोयनका एवं एडीएम अर्पिता सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चंदनमल बहड़ सर्किल से होती हुई यह दौड़ नेचर पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। विधायक सहारण ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से अखंड भारत की नींव मजबूत की। उनका जीवन राष्ट्र की एकता और संप्रभुता के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। जिला कलक्टर सुराणा ने स्वच्छता, नशामुक्ति और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। नगर परिषद सभापति गोयनका ने स्वच्छ शहर और स्वस्थ समाज को विकसित भारत की नींव बताया। एडीएम अर्पिता सोनी ने रूपरेखा प्रस्तुत की तथा जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सीडीईओ संतोष महर्षि, डॉ. अहसान गौरी, सुरेश सारस्वत, डॉ. हेमंत मंगल, दीनदयाल सैनी, जयप्रकाश, ओमप्रकाश, रामस्वरूप, गिरधारी स्वामी, सुभाष मीणा, मनीष राठौड़, सुनील, जावेद सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नर्सिंग विद्यार्थी व पुलिस जवान मौजूद रहे।

साइकल रैली निकालकर दिया मतदान का सन्देश



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

लोकतंत्र के पर्व में प्रत्येक वोट का महत्व समझाने और शत-प्रतिशत मतदान की अलख जगाने के उद्देश्य से शनिवार को विधानसभा क्षेत्र में जागरूकता साइकल रैली का आयोजन किया गया। निर्वाचन अधिकारी सुमित्रा बिश्नोई के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में क्षेत्र की 60 शासकीय एवं निजी शालाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वोट फॉर बैटर इंडिया के नारे लगाए गए। विद्यार्थी हाथों में तख्तियां और हैंडबिल लेकर सड़कों पर निकले। स्वीप प्रभारी राजकुमार नागपाल ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबुद्ध जनों को अनिवार्य रूप से मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ दिलाई। आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य रवि राज, सर्वजीत कौर, राज कमल, दीपक चावला, आरती गोयल, गुरप्रीत सिंह, देवी लाल यादव, जितेंद्र कौर एवं गौतम पारीक का विशेष सहयोग रहा।

रतनगढ़: एडीआरएम ने किया रतनगढ़ स्टेशन का निरीक्षण



सीमा सन्देश # रतनगढ़

बीकानेर रेल मंडल के एडीआरएम राजेन्द्र सिंह चौधरी ने स्थानीय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हुए विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए और क्षेत्रवासियों से जनसंवाद कर समस्याओं की जानकारी ली। क्षेत्रवासियों द्वारा रेलवे सेवाओं के विस्तार की मांग पर चौधरी ने प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। ओवरब्रिज समस्या पर राज्य सरकार के साथ समन्वय प्रक्रिया जारी है। उन्होंने स्टेशन को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। निरीक्षण में वरिष्ठ मंडल फ्रंट प्रबंधक विजेन्द्र सिंह, अमन अग्रवाल, देवेन्द्र कुमार, रामचंद्र जाखड़, बाबूलाल मीणा, विष्णुदत्त चौधरी एवं रामावतार बुबना सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

सादुलशहर: पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने जमा नहीं करवाया नामांकन

सादुलशहर। पंचायत समिति अंतर्गत कुल 21 जोन के डायरेक्टर पद के लिए नामांकन जमा करवाने के पहले दिन शनिवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन जमा नहीं करवाया। रिटर्निंग अधिकारी संजय अग्रवाल ने बताया कि नामांकन जमा करवाने की तिथि 31 अक्टूबर से 4 नवंबर अपरान्ह तीन बजे तक निर्धारित है। सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि नामांकन नामांकन शुरू होने के साथ ही एसडीएम कार्यालय में पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया है। पुलिस की माकूल व्यवस्था रहेगी।

प्रशासन ने किया ग्रामीण मतदान केंद्रों का निरीक्षण



सीमा सन्देश # चूरू

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर अभिषेक सुराणा तथा पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने शुक्रवार को सरदारशहर क्षेत्र के अजीतसर, रूपलीसर, रामसीसर भेड़वालिया, मालसर व मालकसर गांवों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, स्वच्छता व छाया जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने और पोलिंग पार्टियों के ठहराव के प्रबंध के निर्देश दिए। अजीतसर व रूपलीसर में निर्माण सामग्री मिलने पर उसे तुरंत हटवाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम महिपाल राजावत, डीवाईएसपी कुलदीप, तहसीलदार मुकुल, एसएचओ धीरेंद्र सहित संबंधित अधिकारी व बीएलओ मौजूद रहे।

स्कूलों में मनाई सरदार पटेल की जयंती

सीमा सन्देश # रावलामंडी



शिवाजी पब्लिक स्कूल 7 केएनडी में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों ने सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व द्वारा देशी रियासतों के एकीकरण पर विचार रखे। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, चित्रकला, सांस्कृतिक और खेलकूद प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों में अनुशासन एवं सामूहिक भावना विकसित करने के लिए कई खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण प्रतियोगिता में जैन्या प्रथम, जसमीत द्वितीय और अक्षित तृतीय स्थान पर रहे। सामूहिक नृत्य में मोनिका व साक्षी ने प्रथम, हिमांशु, पूर्वांश व रितिका ने द्वितीय और बजरंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चम्मच दौड़ में भावना प्रथम, सज्जन द्वितीय और वंदना तृतीय रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें जाति, धर्म और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर उप-समन्वयक शिवकुमार, परीक्षा प्रभारी रामसिंह, पवन भांभू, विनोद कुमार, गुरविन्द्र सिंह, प्राथमिक प्रभारी अंग्रेजकुमार, अध्यापिका पुष्पा मंजू सहित अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और सुरक्षा की शपथ ली। विद्यालय प्रबंधक माया देवी विश्नोई एवं अध्यक्ष कृष्णलाल खीचड़ ने सभी का आभार जताया।

कीकरवाली। क्षेत्र में शनिवार को सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई गई। राउमावि में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए प्रधानाचार्य अमरिश कुमार सांई ने विद्यार्थियों से उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। एसबीआई बैंक में शाखा प्रबंधक राजेन्द्र कुमार ने एकता एवं अखंडता के पालन की शपथ दिलवाई। इस दौरान राजाराम गोदारा, पूर्व सरपंच सुभाष जाखड़, महेंद्र गोदारा, सरपंच धनराज गेदर व गण्यमान्यजन मौजूद रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को भी उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया।

खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, विशेष अभियान चलाया



सीमा सन्देश # सरदारशहर। दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की। टीम ने विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मावा बर्फी, कलाकंद, मिल्क केक, सोनपापड़ी, काजू कतली, रसगुल्ला और गुलाब जामुन के 11 नमूने जांच के लिए भेजे। निरीक्षण में एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री मिलने पर टीम ने मौके पर ही करीब 147 पैकेट खाद्य सामग्री, 4.5 किलोग्राम घी, 100 पैकेट बिस्किट, 20 पैकेट नमकीन तथा पैकिंग अचार नष्ट करवाया। कार्रवाई की पूर्व सूचना मिलने की चर्चाओं के बीच इसकी प्रभावशीलता पर सवाल भी उठे। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन सिंह गोदारा, पूजा सैनी, डॉ. अनिल मील, आशा गुर्जर, डॉ. प्रकाश नागोरा व डॉ. कुलदीप खटोड़ मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कांग्रेस नेता विनोद ताखर भाजपा में शामिल



सीमा सन्देश # नेतेवाला। ग्राम पंचायत नेतेवाला की राजनीति में नया घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस से पंचायत समिति के पूर्व डायरेक्टर विनोद ताखर ने भाजपा का दामन थाम लिया है। श्रीगंगानगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में विधायक जयदीप बिहाणी के नेतृत्व में उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। आगामी पंचायत समिति चुनावों को देखते हुए विनोद ताखर का भाजपा में शामिल होना क्षेत्र की राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि भाजपा उनकी पत्नी एवं पूर्व सरपंच अनीता ताखर को पंचायत समिति चुनाव में प्रत्याशी बना सकती है। विनोद ताखर के भाजपा में आने से नेतेवाला क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां तेज होने की संभावना जताई जा रही है। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में माटीकला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, महेश पेडिवाल सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई केंद्र की ओर से छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। 5 अक्टूबर से आयोजित शिविर में महिला सुरक्षा यूनिट की कांस्टेबल सुनीता ने छात्राओं को फ्रंट पंच, कोहनी पंच, घुटने व हथेली से वार सहित विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकें सिखाईं। पुलिस विभाग ने साइबर सुरक्षा और कानूनी जानकारी दी। डॉ. रेखा भारद्वाज ने योग, ध्यान व व्यायाम, जबकि डॉ. दीपिका मोंगा ने महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता पर जानकारी दी। शिविर में 50 छात्राओं ने भाग लिया। समापन पर प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने आत्मरक्षा को आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का माध्यम बताया।

सरपंच चुनाव के लिए अनूठी पहल

मुकलावा। ग्राम पंचायत के सरपंच चुनाव से पहले 8 टीके गांव के लोगों ने अनूठी पहल की है। ग्राम पंचायत 5 टीके में कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 8 टीके गांव से 4 उम्मीदवार सरपंच पद के दावेदार हैं। 8 टीके गांव से केवल एक सर्वसम्मति उम्मीदवार चुनने के लिए स्थानीय लोग गुरुद्वारे में अपने स्तर पर मतदान करवा रहे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए चारों उम्मीदवारों में से किसी एक के नाम की घोषणा की जाएगी, ताकि गांव में आपसी एकजुटता बनी रहे।

बच्चेदानी बचाकर किया सफल उपचार



जयपुर। 30 वर्षीय महिला तीन माह से लगातार योनि रक्तस्राव से परेशान थीं। डीएंडसी के बाद शुरू हुई समस्या के चलते कई अस्पतालों में उन्हें बच्चेदानी निकालने की सलाह दी गई। इसके बाद उन्होंने गीतांजली हॉस्पिटल, भांकरोटा में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अमित शर्मा से परामर्श लिया। जांच में गर्भाशय की रक्त वाहिकाओं में असामान्य रक्त प्रवाह की समस्या (यूटेराइन आर्टिरियोवेनस मालफॉर्मेशन) सामने आई। विशेषज्ञों ने यूटेराइन आर्टरी एम्बोलाइजेशन (यूएई) प्रक्रिया से रक्तस्राव को नियंत्रित किया। इस कम चीरे वाली आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी को सुरक्षित रखा गया। सफल उपचार के बाद मरीज को अगले दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों के अनुसार, आधुनिक इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी तकनीकों से कई जटिल मामलों में बड़ी सर्जरी से बचते हुए अंगों को सुरक्षित रखना संभव है।

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विप्र फाउंडेशन की ओर 1 नवंबर को राजकीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। फाउंडेशन ने शहरवासियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। शिविर में रक्तदाताओं के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एक रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है।

तीन अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी

बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में तीन वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त दायित्व सौंपे गए हैं। कुलसचिव द्वारा शनिवार को जारी आदेशों के अनुसार प्रो. राजेश कुमार धूड़िया को निदेशक अनुसंधान, प्रो. प्रवीण बिश्नोई को अधिष्ठाता (स्नातकोत्तर अध्ययन) तथा डॉ. देवी सिंह को निदेशक प्रसार शिक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। तीनों अधिकारियों ने नया कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वर्तमान में प्रो. धूड़िया पशु पोषण विभागाध्यक्ष, प्रो. बिश्नोई निदेशक क्लिनीक्स एवं सर्जरी विभागाध्यक्ष तथा डॉ. देवी सिंह एवं प्रसार शिक्षा विभागाध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं।

ग्रामीणों को नशामुक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों की ओर से गोद लिए गए गांव 3 बी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. पूनम सेतिया ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविर में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और ग्रामीणों व विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका कटारिया ने ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। श्रीमती सारिका ने नशामुक्त समाज, जबकि सुश्री ममता ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया। स्वयंसेविकाओं ने नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक, यातायात जागरूकता पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। ग्रामीणों से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली गई तथा नशामुक्त भारत एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेविकाओं को फ्रूट फार्म का भ्रमण भी करवाया गया।

राजनीति | पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में झोंकी ताकत

विधायक डूंगरराम गेदर ने किया जनसंपर्क, सभाएं की

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में विधायक डूंगरराम गेदर ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धुआंधार जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी लक्ष्मण टाक सहित पंचायत समिति राजियासर के विभिन्न वार्डों के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान के तहत हरिसिंहपुरा, मालेर, लालगढ़, गोपालसर, हिंजरासर, बख्तावरपुरा, भोपालपुरा, सुरजनसर, 6 जीडीएम, गोविंदसर, 3एएस, 24एसडी, रघुनाथपुरा, 1एएस, 6डीडब्ल्यूएम व बीरमाना में सभाओं का आयोजन किया गया। इनमें पंचायत समिति राजियासर के वार्ड नं. 2 से शांति देवी, वार्ड 3 से माणु देवी, वार्ड 4 से वैजयंती, वार्ड 5 से रजनी, वार्ड 6 से कालूपुरी, वार्ड 7 से उषा टाक व वार्ड 8 से राकेश सैन के समर्थन में प्रचार किया गया। सभाओं में विधायक गेदर ने ग्रामीणों से स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों व जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, जनसमस्याओं का समाधान व विकास कार्यों को गति देने के लिए इन संस्थाओं का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। गेदर ने कहा कि वर्तमान समय में संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता व स्वतंत्रता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की जा सकती है।

बिरला स्कूल में अंतर-सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रति. आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

बिरला पब्लिक स्कूल में ह्यआज की जिज्ञासा, कल का नवाचारह्व विषय पर अंतर-सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीन कक्षा-समूहों में हुई इस प्रतियोगिता में ब्रेवरी सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। विजडम सदन व विक्ट्री सदन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में वैज्ञानिक खोजों, तकनीक व चित्र-आधारित रोचक प्रश्न पूछे गए। उप-प्राचार्या सुशीला सहारण व प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन व आत्मविश्वास बढ़ता है। संचालन में संजीव चौहान सहित विज्ञान शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

सुशांत का राजस्थान अंडर-16 टीम में चयन, गुरताज सुरक्षित खिलाड़ी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



सेठ जी.एल. बिहाणी एस.डी. स्कूल के कक्षा 9 के छात्र सुशांत बस्नेत का चयन राजस्थान अंडर-16 क्रिकेट टीम में हुआ है। विकेटकीपर-बल्लेबाज सुशांत ने चयन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 498 रन बनाए। वे 14 नवंबर से लखनऊ में होने वाली अंडर-16 एलिट ग्रुप-बी प्रतियोगिता में खेलेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर सुशांत के पिता सिक्योरिटी गार्ड हैं; विधायक जयदीप बिहाणी ने उन्हें एकेडमी में निःशुल्क प्रशिक्षण व सुविधाएं दिलाईं। वहीं, कक्षा 10 के गुरताज सिंह सुरक्षित खिलाड़ी बने हैं। दोनों की उपलब्धि पर विधायक जयदीप बिहाणी, प्रबंधन सचिव घनश्यामदास बिन्नानी व कोच धीरज शर्मा ने बधाई दी।

दीपावली पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की सजावट की मांग



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

दीपावली के पर्व पर शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, मरम्मत और सजावट करवाने की मांग को लेकर दुकानदारों ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) गणपत राम कस्वा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भगत सिंह चौक पर स्थापित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को स्वच्छ पानी से साफ करवाने, मरम्मत करवाने और चौक परिसर में रोशनी व सजावट की व्यवस्था करने की मांग की गई। इसके साथ ही, महाराणा प्रताप और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं की भी सफाई व प्रकाश व्यवस्था करवाने का आग्रह किया गया। इस दौरान महावीर भोजक, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू मुंदड़ा, प्रवेज पठान, रमेश पारीक, अंकुर धानुका, हीरालाल चौहान, सुरेश सिंधी, राधेश्याम बिश्नोई व विनोद झोरड़ आदि मौजूद रहे। ईओ गणपत राम कस्वा ने दीपावली से पहले सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया है।

राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र संचालित



सीमा सन्देश # पदमपुर

स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के निर्देशानुसार रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में 50 छात्राओं का एक बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। चार सप्ताह के इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाते हैं वहीं समय-समय पर योगाभ्यास तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. नवज्योत भनोत द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। इसी कड़ी में प्रवीन लता, आयुष चिकित्सालय पदमपुर से डॉ. करिश्मा सोनी ने स्वास्थ्य और मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस एवं सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है।

महारैली को लेकर विस्तृत चर्चा



सीमा सन्देश # सादुलशहर

एआईसीसी सचिव और यूपी सहप्रभारी जगदीश जांगिड़ ने शनिवार को दिल्ली में उत्तरप्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम एवं प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा, मोना, राष्ट्रीय सचिव अभिषेक दत्त, वरुण चौधरी, कुणाल चौधरी के साथ राम लीला मैदान में 1 नवम्बर को होने वाली वोट बचाओ देश बचाओ महारैली को लेकर विस्तृत चर्चा की। जांगिड ने सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र सहित राजस्थान के युवाओं से भी महारैली में ज्यादा पहुंचने का आह्वान किया है।

निकाय चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर नगरपरिषद की राजनीति गरमाई, पार्षद के मामले में समझौते के प्रयास तेज

सभापति दावड़ा और पार्षद घोड़ेला सहित कोर्ट ने दो अधिकारियों को जारी किया समन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

स्थानीय निकाय चुनाव में सत्ता की मलाई खाने और जीत के लिए हर हथकंडा अपनाने के मामले अब अदालत की दहलीज पर पहुंच गए हैं।

श्रीगंगानगर में निकाय चुनाव के दौरान तथ्य छुपाकर चुनाव लड़ने वाले पार्षद जगदीश घोड़ेला और सभापति चुनाव में मतदान की गोपनीयता तार-तार करने व मतदाताओं पर दबाव बनाने के आरोपी सभापति अजय दावड़ा पर कोर्ट ने शिकंजा कस दिया है।

खास बात यह है कि इन दोनों के साथ-साथ जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला परिषद सीईओ को भी अदालत ने समन जारी कर तलब किया है।

प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर एक साथ अदालत का शिकंजा कसने से शहर की राजनीति गरमा गई है।

मतदान की गोपनीयता भंग, मतपत्रों पर हुई मार्किंग

सभापति पद के चुनाव को लेकर पराजित उम्मीदवार संजय मूंदड़ा ने अदालत में सनसनीखेज वाद दायर किया है। मूंदड़ा का दावा है कि वे महज एक वोट के अंतर से पराजित हुए थे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अजय दावड़ा को जिताने के लिए निर्वाचन अधिकारियों की पूरी मिलीभगत रही। मतदान के दौरान गोपनीयता भंग करते हुए मतपत्रों पर विशेष प्रकार की मार्किंग की गई, ताकि आसानी से ट्रैक किया जा सके कि किसने किसके पक्ष में वोट डाला है। आरोप है कि मतदाताओं और समर्थकों पर अनुचित दबाव बनाने के लिए मतदान से कुछ ही समय पूर्व जवाहर नगर थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। बिना किसी प्राथमिक जांच के ही भारी पुलिस बल के साथ रात के अंधेरे में घर पर दबिश दी गई। मतदाताओं को पक्ष में करने के लिए प्रलोभन देने के प्रयास भी किए गए।

उन्होंने मांग की है कि वर्तमान सभापति अजय दावड़ा का निर्वाचन पूरी तरह शून्य घोषित किया जाए और उन्हें (संजय मूंदड़ा को) सभापति निर्वाचित घोषित किया जाए। इस मामले की अगली सुनवाई अब 19 नवंबर को होगी। उनकी ओर से कोर्ट में पैरवी अधिवक्ता चरणदास कम्बोज ने की। परिवादी की ओर से कोर्ट के मतदान की पर्चियों से सहित निर्वाचन से जुड़ी सभी सामग्री प्रकरण का निस्तारण नहीं होने तक सुरक्षित रखने का आदेश भी जारी करने की मांग कि गई है।

मामला 2: ठेकेदारी छिपाई, अधिनियम की उड़ाई धज्जियां

पार्षद पद के चुनाव में भाजपा की ओर से प्रत्याशी रहे प्रथम गंभीर ने अपने प्रतिद्वन्दी और निर्दलीय पार्षद जगदीश घोड़ेला के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई है।

इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि कि नगरपालिका एक्ट की धारा 24 के अनुसार, निकाय से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ लेने वाला व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता। परन्तु निर्दलीय पार्षद जगदीश घोड़ेला ने नामांकन दाखिल करते समय यह तथ्य छुपाया।

अधिवक्ता विपिन सिद्ध ने बताया कि घोड़ेला ने नामांकन में खुद की आय का जरिया ठेकेदारी बताया और यूआईटी से काम लेना स्वीकार किया, जबकि उनकी फर्म सिंघ ब्रदर्स नगरपरिषद में पंजीकृत है। नामांकन के वक्त भी उनके पास कई कार्यों के ठेके थे।

श्रीकरणपुर नगरपालिका में पार्षद बनने के बाद भी उन्होंने बकाया काम पूरे किए और कुछ कार्य निरस्त करवाए। इसी तरह नगरपरिषद में पार्षद बनने के बाद बकाया कार्य पूरे कर भुगतान उठाया गया। वर्तमान में भी उनके पास वाहनों की रिपेयरिंग का ठेका है। इस संबंध में न्यापालिका में सभी दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है। इस मामले में अगली सुनवाई 4 नवम्बर को है। इस मामले में कोर्ट ने जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला परिषद सीईओ और पार्षद जगदीश घोड़ेला को सम्मन जारी किया है।

जानकारी मिली है कि सम्मन जारी होने के बाद पार्षद ने इस मामले जनप्रतिनिधि और उनके परिवार के सदस्य के समझ मामला निपटाने के लिए गुहार लगाई है। जहां से उन्हे सकारात्मक संकेत मिले हैं।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
32.0°	18.5°

आर्द्रता

सुबह	शाम
88%	59%

विंड स्पीड

2-8KM/h

आज का सूर्यास्त

05:48PM

कल का सूर्योदय

06:49AM

आंशिक रूप से बादल रहेंगे।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,38,540

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,28,160

चांदी (प्रति किलो) ₹1,82,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

कहीं देर ना हो जाए...

मंथन

कई दशक पूर्व भारतीय समाज के बुद्धिजीवियों और अन्य गंभीर विचारकों ने आशंका जताई थी कि देश में अभूतपूर्व नैतिकता, मूल्यों व मानवता का घोर संकट छाएगा। हरियाणा के पंचकूला के एक सरकारी स्कूल में - स्कूल के समय के भीतर ही - आठ वर्षीय एक छात्र ने छह वर्षीय छात्रा पर बेहद हिंसक हमला कर दिया। उसने छात्रा को जमीन पर पटककर ईंट से उस पर अनेक वार किये। फलस्वरूप छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना का एक विचित्र पहलू यह है कि हमलावर बच्चे की छोटी उम्र को देखते हुए उसे इस अपराध की वह सजा नहीं दी जा सकती जो किसी वयस्क को दी जाती है। इस सन्दर्भ में एक अप्रिय पक्ष यह भी है कि अब अनेक वयस्क लोग तरह-तरह के गंभीर अपराध (हत्याओं सहित) इन अवयस्क लोगों के हाथों करवाते हैं, ताकि उसे कड़ा दंड (मृत्युदंड) न दिया जा सके- साथ ही उनका कुटिल उद्देश्य पूरा हो जाए।

मामले का अधिक गंभीर पहलू यह है कि हमारा समाज इतना अधिक असहिष्णु और संवेदनहीन होता जा रहा है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि हम - समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसी घटनाओं से कतई लापरवाह/ असम्बद्ध बना रहता है। स्थिति तब और अधिक सोचनीय हो जाती है जब पता लगता है कि ऐसे गंभीर अपराधों के पीछे आरोपित व्यक्ति का कोई मंतव्य जाहिरा तौर पर दिखाई नहीं देता। पुरानी कहावत यही है कि 'आप जैसा बीजोगे-वैसा ही फल आपको मिलेगा' (एज़ यू सो - सो शैल यू रीप)। हम हिंदुस्तानी पूरे विश्व में अधिक सम्मान इसलिए पाते थे, क्योंकि हमारे यहां परिवार जैसी एक अनूठी संस्था प्रचलित थी। विश्व के गिनती के देशों को छोड़ दिया जाए तो ऐसी सुव्यवस्थित और अर्थपूर्ण परिवार संस्था कहीं नहीं देखी जाती थी। परम्परागत भारतीय परिवार संस्था में केवल दो ही नहीं, अपितु तीन-तीन पीढ़ियां एक साथ रहती रही हैं।

आज भी करोड़ों की संख्या में ऐसे संयुक्त परिवार एकल परिवारों की तुलना में कहीं अधिक सुखी व सम्पन्न हैं। उनके जीवन का कोई न कोई अर्थ है। इसकी तुलना में आज हम एकल परिवारों को देखें तो पाएंगे कि वे न केवल अपूर्ण, अपितु तनावपूर्ण जीवन जीते हैं। संयुक्त परिवारों में जहां प्रसन्नता, पूर्णता और सिद्धि भरा जीवन प्राप्त होता था, वहीं हम एक-दूसरे के अनुभवों से प्रतिपल लाभान्वित होते थे। ऐसे संयुक्त परिवारों का एक उजला पक्ष यह भी था कि उक्त संदर्भित त्रासद घटना की सम्भावना लगभग शून्य रहती थी। एकल परिवारों के बच्चे बेहद संयुक्त परिवारों के बच्चों जैसे भाग्यशाली नहीं होते थे, जहां उन्हें अपने माता-पिता, सगे भाई-बहनों के साथ-साथ चाचा-चाची, ताऊ-ताई और उनकी संतानों का सान्निध्य मिलता था। इससे उनकी भावनात्मक लालसा (अर्ज-वप्नह्र) भी परिपूरित होती रहती थी। जैसे ऊपर कहा गया है कि आज भी देशभर में (विशेषकर दक्षिण भारत में) संयुक्त परिवारों का चलन है। इसका तुलनात्मक अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि देशभर के वैज्ञानिक, लेखक, चिन्तक, इंजिनियर, डॉक्टर आदि-आदि प्रोफेशनल (पेशेवर) लोग उत्तर भारत के मुकाबले अधिक मिलेंगे।

उत्तर भारत के अधिकांश लोगों में जिंदगी का फलसफा है - खाओ, पीयो और मौज करो। इसके बरक्स दक्षिण भारत के लोग संगीत, नृत्य, पर्यटन जैसी सृजनात्मक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाते हैं। जैसे-जैसे इन्सान प्रकृति, अच्छे साहित्य, संगीत आदि में ज्यादा से ज्यादा रत होता है-उसमें हिंसा, ईर्ष्या, प्रतिशोध आदि की नकारात्मकता शनैःशनैः कम होती जाती है। यह तो प्राचीन प्रचलित धारणा है कि बच्चों को परिवार तथा आस-पास के समाज में जैसा दिखाई देता है, जैसा अनुभव उन्हें मिलता है - वे अपनी कच्ची उम्र के चलते बहुत अधिक प्रभावित होते हैं। भारतीय समाज लम्बे समय से भावना व सार्थकता प्रधान न होकर अर्थप्रधान होता गया है। फिर यह अर्थ प्रधानता उसे ईर्ष्या, प्रतिशोध व हिंसा के मार्ग तक ले जाती है। इन दिनों देशभर में पर्वों का मौसम चल रहा है। खेद की बात है कि हम अपने परम्परागत तीज-त्यौहारों, मान्यताओं, मूल्यों आदि को बिसराकर पश्चिमी जगत की भौतिकता/भोगवादी जीवनशैली को अपनाते गए हैं। इसका परिणाम हम देश में निरंतर तेजी से बढ़ रहे हस्पतालों, मनोवैज्ञानिकों, पुनर्सुधार केन्द्रों के रूप में देख रहे हैं। पश्चिमी जगत के लोग जहां भारत के सामाजिक और पारिवारिक ढांचे से प्रभावित होकर इन्हें अपनाने की सोच रहे हैं, वहीं हम अभागे हिन्दुस्तानी संयुक्त परिवारों को त्यागकर एकल परिवार के अभिशाप से ग्रस्त होते जा रहे हैं। यदि अब भी हमने अपने परम्परागत भारतीय जीवन की मधुरता, सार्थकता को मन से नहीं अपनाया तो हम ऐसी जटिल मानसिक स्थितियों में उलझते जाएंगे।

पति की हत्या में पत्नी और बेटे को उम्रकैद, पांच-पांच हजार रुपए का लगाया जुर्माना

लठों से पीट-पीटकर की गई थी हत्या, मोबाइल कॉल और फॉरेंसिक साक्ष्यों ने खोली पोल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र के चक 17 एमडी-ए में पति की हत्या के चर्चित मामले में न्यायालय ने मृतक गुरसेवक सिंह की पत्नी छिन्द्र कौर और बेटे जग्गा सिंह को अपने ही पति/पिता की निर्मम हत्या के आरोप में आजीवन कारावास और 5 -5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोनों दोषियों को एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक महीराम सुथार ने की।

पीपी सुथार ने बताया कि 17 सितंबर 2024 को मृतक के भाई जसकरण सिंह ने पुलिस थाना नई मंडी घड़साना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि उसका भाई गुरसेवक सिंह अपनी पत्नी छिन्द्र कौर और बेटे जग्गा सिंह के साथ वार्ड नं. 9, 17 एमडी-ए में रहता था। आरोपी मां-बेटे अक्सर गुरसेवक सिंह के साथ मारपीट करते थे। 16 सितंबर को दोपहर बाद करीब 4:30 बजे छिन्द्र कौर और जग्गा सिंह ने लाठी-डंडों से गुरसेवक सिंह पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान गुरसेवक सिंह की चीख-पुकार सुनकर उसकी पुत्रवधू गुरप्रीत कौर ने घबराकर चाचा ससुर (परिवादी जसकरण सिंह) को फोन पर सूचना दी कि वे लोग गुरसेवक सिंह को बुरी तरह पीट रहे हैं। जब परिवादी और उसकी पत्नी कुलविन्द्र कौर बाजार से 10-15 मिनट में घर पहुंचे और पुलिस बुलाई। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो पता चला कि बेरहमी से की गई पिटाई के कारण गुरसेवक सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

पेश किए 16 गवाह और 32 दस्तावेज : पुलिस ने परिवाद के आधार पर बीएनएस की धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर सक्षम न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन 16 गवाह व 32 दस्तावेज पेश किए। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जग्गा सिंह और छिन्द्र कौर को धारा 103(1) सहपठित धारा 3(5)बीएनएस के तहत दोषसिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास और 5-5 हजार रुपए जुर्माने से दण्डित किया है।

बाइक चोरी मामले में 3 साल की सजा, 3 हजार का जुर्माना

कोर्ट की टिप्पणी; सामाजिक सुरक्षा को नजरअंदाज करना अपराध को बढ़ावा देने जैसा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। कोतवाली थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में अदालत ने आरोपी बूटा सिंह को दोषी करार देते हुए 3 साल कारावास और 3,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जुर्माना न भरने की स्थिति में एक महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामले के अनुसार परिवादी दीपक शर्मा ने 17 जून 2026 को कोतवाली थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज बताया कि उसकी स्पलेंडर डीलक्स मोटरसाइकिल (आरजे13 एसए 0469) 15 जून को दोपहर करीब 4:15 बजे उसके घर के सामने से चोरी हो गई थी। काफी तलाशने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला, तो उसने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। सुनवाई के दौरान परिवादी दीपक शर्मा अदालत में बतौर गवाह पेश हुआ। उसने कोर्ट को बताया कि घटना के बाद जब उसने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो एक व्यक्ति उसकी बाइक ले जाते हुए दिखाई दिया। परिवादी ने पेनड्राइव, साक्ष्य का प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज पुलिस को सौंपे थे। पुलिस अनुसंधान के दौरान चोरी गई मोटरसाइकिल के साथ-साथ दो अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि आजकल चोरी के अपराधों की गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं। ऐसे में इस प्रकार के अपराधी को अपराधी परिवीक्षा अधिनियम के प्रावधानों का लाभ देना सामाजिक सुरक्षा को नजरअंदाज कर अपराध को बढ़ावा देने जैसा होगा।

असलम खान बने चुनाव पर्यवेक्षक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के तहत गंगानगर जिले के लिए नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक एवं अल्पसंख्यक मामलात विभाग के संयुक्त सचिव असलम शेर खान 2 नवम्बर को गंगानगर पहुंचेंगे। पंचायती राज आम चुनाव के तहत चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा पंचायती राज आम चुनाव के पर्यवेक्षण का कार्य किया जाएगा। जिले में पंचायती राज आम चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की परिवेदना अथवा शिकायत पर्यवेक्षक असलम खान के मोबाइल नंबर 9929395664 पर दर्ज करवाई जा सकती है। जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस के कमरा नंबर 105 में उनसे संपर्क भी किया जा सकता है।

घर के सोलर की अतिरिक्त बिजली ऑफिस व दुकान पर आएगी काम



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है। राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग के नियमों के तहत जोधपुर विद्युत वितरण निगम ने 1 जनवरी 2026 से ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग के विस्तृत दिशानिर्देश लागू कर दिए हैं। अब घर पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगवा चुके उपभोक्ता अपनी अतिरिक्त बिजली का लाभ अपनी दुकान, कार्यालय या अन्य बिजली कनेक्शन पर भी उठा सकेंगे। ग्रुप नेट मीटरिंग का लाभ लेने के लिए जरूरी है कि घर और दुकान या अन्य दोनों बिजली कनेक्शन एक ही उपभोक्ता के नाम और एक ही डिस्कॉम क्षेत्र के अंतर्गत हों। इसके तहत सबसे पहले सोलर प्लांट वाले मुख्य कनेक्शन की बिजली खपत समायोजित होगी। इसके बाद बची हुई अतिरिक्त बिजली उपभोक्ता द्वारा तय किए गए प्राथमिकता क्रम के अनुसार दूसरे कनेक्शन में एडजस्ट की जाएगी। प्राथमिकता क्रम में वर्ष में एक बार बदलाव किया जा सकेगा। सोलर प्लांट की क्षमता संबंधित कनेक्शनों के कुल स्वीकृत लोड के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। इसके लिए एलटी सिंगल फेज कनेक्शन पर 200 रुपये, थ्री फेज पर 500 रु. और उच्च वोल्टेज श्रेणियों के लिए 2,000 से 5,000 रुपये तक आवेदन शुल्क तय किया गया है। पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को ग्रुप नेट मीटरिंग के तहत बैंकिंग, व्हीलिंग और अन्य शुल्कों से विशेष छूट दी गई है। पहले से सामान्य नेट मीटरिंग के तहत सोलर लगवा चुके उपभोक्ता भी अपना पुराना समझौता समाप्त कर इस नई ग्रुप नेट मीटरिंग व्यवस्था से जुड़ सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल का बोझ काफी हद तक कम होगा।

राजस्थान-पंजाब-हरियाणा कांफ्रेंस की तैयारी; 80 + वर्षीय रिटायर्ड पुलिसकर्मियों का सम्मान



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष रिटायर्ड पुलिस इंस्पेक्टर कांतासिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अगले महीने श्रीगंगानगर में प्रस्तावित राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कांफ्रेंस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष कांतासिंह ढिल्लों ने बताया कि इस कांफ्रेंस में तीनों राज्यों से बड़ी संख्या में रिटायर्ड पुलिस अधिकारी और कर्मचारी हिस्सा लेंगे। कांफ्रेंस के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

श्रीगंगानगर कांफ्रेंस के बाद जयपुर में एक महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें अन्य राज्यों के सेवानिवृत पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होंगे। बैठक में 80 वर्ष से अधिक आयु के रिटायर्ड पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वालों में बलदेवसिंह (84), मनफूलसिंह (83) और अमरीकसिंह (85) शामिल रहे।

इन बुजुर्गों के लंबे सेवाकाल और अनुभवों को याद करते हुए उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पहले शनिवार सुबह सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यूनिटी रन में लगभग 150 सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

रामजीलाल सिहाग हुए सेवानिवृत्त



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजकीय जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर के नर्सिंग अधीक्षक रामजीलाल सिहाग लगभग 36 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर के बरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रविन्द्र शर्मा ने बताया कि सिहाग ने वर्ष 1990 में नर्सिंग अधिकारी के रूप में जिला चिकित्सालय से अपनी सेवाओं की शुरूआत की थी और अपनी कर्तव्यनिष्ठतापूर्ण राजकीय सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए है। सेवानिवृत्ति के अवसर पर राजकीय जिला चिकित्सालय के पीएमओ सुखपाल सिंह बराड़ की अध्यक्षता में राजकीय मेडिकल कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में जिला चिकित्सालय के नर्सेज एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।



सीमा सन्देश

मंडी.नहर.बाजार-भाव.समाचार

श्रीगंगानगर, रविवार, 01 नवम्बर, 2026

वर्ग पहली क्रमांक 7966



ò बायें से दायें:- 1) लड़ाई-झगड़ा, 4) शामिल, 6) प्रेमी, 7) एक तिलहन, 9) लाश, 10) क से ह तक की वर्णमाला, 13) पढ़ा लिखा, 14) दुराचार; नीचता, 15) शक, 16) एक पक्षी, 17) उड़न छू, 19) अ आ इ ई, 21) छोटा तंबू, 22) मूषक, 24) विष्णु का एक अवतार, 25) कोई बात बारंबार दोहराना, 26) शताब्दी. *ó ऊपर से नीचे:-* 1) मियाँ बीवी, 2) कर्तव्य, 3) प्रभाव, 4) तुल्य; बराबरी का, 5) शादी, 8) सेना, 9) शयनागार, 11) आरा, 12) राजप्रासाद, 16) छोटी मीठी बुँदिया, 18) पराधीन, 20) घूमता फिरता, 21) लोहे का सोना बनानेवाला *कल्पित* पत्थर, 23) बाज़ार. (उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

घो	ल	ना				ध	मा	के	दा	र		
ट्या		रा	ह	ज		नी			द्या	म		
ला		ज़		र्ज		क	म		णी			
	अं	गी	का	र		ज	ल	म	य			
भू	त		म		प	रा	या					
	रा	ह	च	ल	ता		ल		का			
कु	ल		ला			क	म	ज़ी	री			
न			ऊ	हा	पो	ह			ग			
बा	ज़ा	र		मी		ना	मं	जू	री			

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 01 नवम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ –

1998 - ढाका में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टवंडीज को हराकर क्रिकेट का विल्स मिनी विश्व कप जीता।

2000 - यूगोस्लाविया को आठ वर्ष बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता हेतु सुरक्षा परिषद द्वारा मंजूरी। छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ।अजीत जोगी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद निर्वाचित किया गया।

2003 - इराकी छापामारों द्वारा बगदाद के समीप अमेरिकी हेलीकाप्टर पर किये गए हमले में 15 सैनिकों की मृत्यु।

2004 - बेनेट किंग वेस्ट इंडीज क्रिकेट बोर्ड के पहले विदेशी कोच बने।

2005 - संयुक्त राष्ट्र में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी हमले में मारे गये 60 लोगों की याद में 27 जनवरी को विश्व नरसंहार दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

2006 - पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने डोपिंग मामले में गेंदबाज अख़्तर पर दो साल और मुहम्मद आसिफ पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया।

2007 - श्रीलंका की संसद ने देश की जातीय समस्या को सुलझाने के लिए आपातकाल की अवधि बढ़ायी।

2008 - रिजर्व बैंक ने बड़ोदरा से संचालित वित्त कम्पनी मैसर्स एसडीएफसी फाइनेंस लिमिटेड का पंजीकरण रद्द किया।

2010 - चीन ने दस साल में पहली बार जनगणना करने की घोषणा की। रूस के राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने जापान के साथ विवादित चल रहे करिल द्वीप की यात्रा की।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 2 नवंबर (एनएनएस) सोमवार कार्तिक बदी अष्टमी को बासमती चावल, जौ, जई, ढ़ैचा, मक्की, बाजरा, सूरजमुखी, बिनौला व इनके तेल, देशी चना, काबुली चना, राजमा चित्रा, मूंग, मोठ, उड़द, तुवर, मटर, मसूर, गुड़, लौंग, अजवायन, गोला, जायफल, हल्दी, काजू, निकिल, लोहा-इस्पात कॉपर, पीतल में लाभ तथा गेहूं, सरसों, सोयाबीन, शर्मिली, जावित्री, दालचीनी, रुई, जस्ता, टिन, बड़ी इलायची, अमचूर, कलौंजी, धनिया, जीरा, सौंफ, खांडसारी, चीनी, सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 10.13 बजे पूर्वार्द्ध के पहले यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

01 नवम्बर रविवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण तिथि सप्तमी, नक्षत्र-पुष्य, योग-साध्य, करण-बव, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, चन्द्र-कर्क, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-मिथुन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : भावनाओं पर नियंत्रण रखें; कार्यस्थल पर खुद को साबित करने का अवसर मिलेगा। लाभ के योग हैं पर खर्च पर नजर रखें। रिश्तों में संवेदनशीलता और सेहत में सावधानी जरूरी है।

वृषभ: दिन उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है; धैर्य रखें और बहस से बचें। रिश्तों में भरोसा जरूरी है। खर्च में सावधानी बरतें, तनाव से दूर रहना फायदेमंद होगा।

मिथुन: दिन भागदौड़ भरा रहेगा; काम में छोटी बातों पर ध्यान दें। रिश्तों में ज्यादा न सोचें। खर्च बढ़ सकता है, बेवजह खरीदारी टालें और पेट की सेहत का ध्यान रखें।

कर्क : नए विचारों और योजनाओं का दिन है; काम में नया मौका मिलेगा। रिश्तों में समझ बनी रहेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। सेहत सामान्य व मन हल्का रहेगा।

सिंह: मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी और दबाव रहेगा, पर परिणाम अच्छे मिलेंगे। रिश्तों में दूरी से बचने के लिए समय निकालें। खर्च बढ़ेगा, बजट नियंत्रित रखें और सेहत सुधारें।

कन्या: दिन उम्मीदों भरा है; करियर में नए अवसर व अच्छी खबर मिल सकती है। प्रेम जीवन में खुशी और आर्थिक मजबूती रहेगी। सेहत अच्छी व मन उत्साह से भरा रहेगा।

तुला: संतुलन बनाए रखें; काम और निजी जीवन में समझदारी से निर्णय लें। दफ्तर में अहम फैसले व पैसों के बड़े कदम टालें। मानसिक दबाव से बचने के लिए खुद को समय दें।

वृश्चिक: आत्मविश्वास बढ़ेगा; कामकाज में राय की सराहना होगी। प्रेम संबंधों में मिठास और पार्टनर का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और सेहत अच्छी रहेगी।

धनु: परिवार की बातें मन को प्रभावित करेंगी। कार्यस्थल पर जिम्मेदारी बढ़ेगी जिसे संभाल लेंगे। पैसों में स्थिरता रहेगी, नींद पूरी न होने से थकान संभव है।

मकर: हर कदम सोच-समझकर उठाएं; काम का दबाव और उलझन बनी रह सकती है। बातचीत से रिश्तों का तनाव सुलझेगा। खर्च बढ़ने के संकेत हैं, बजट पर नजर रखें।

कुंभ: संयम से आगे बढ़ें; दफ्तर में मेहनत रंग लाएगी और अधिकारियों का भरोसा बढ़ेगा। बातचीत से नजदीकियां आएंगी। माहौल सुकून भरा रहेगा।

मीन: जिम्मेदारियां बढ़ने से थकान महसूस होगी; तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी, पर फालतू खर्च से बचें। अपनों का साथ मिलेगा।

इंदिरा गांधी की हत्या से शुरू हुई त्रासदी कैसे तीन दिनों के संगठित नरसंहार में बदली

1984 का काला अध्याय : इंदिरा गांधी की हत्या, सिख विरोधी दंगे और न्याय की अधूरी तलाश !

चार दशक बाद भी क्यों अधूरा है न्याय



31 अक्टूबर 1984 भारतीय इतिहास की सबसे हिंसक, दुःखद और विवादास्पद घटनाओं में दर्ज है। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की नई दिल्ली स्थित 1, सफदरजंग रोड आवास पर उनके दो सिख अंगरक्षकों बेअंत सिंह और सतवंत सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से ठीक एक दिन पहले ओडिशा की एक सभा में इंदिरा गांधी ने कहा था कि यदि देश की सेवा में उनका जीवन भी चला जाए तो उन्हें कोई दुख नहीं होगा। उनकी हत्या की खबर फैलते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई, लेकिन कुछ ही घंटों में यह शोक सिख विरोधी हिंसा में बदल गया।

ऑपरेशन ब्लू स्टार बना पृष्ठभूमि

इंदिरा गांधी के कार्यकाल में पंजाब में खालिस्तान आंदोलन तेज हो चुका था। जून 1984 में उन्होंने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर परिसर में छिपे उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए सेना भेजने का निर्णय लिया। ऑपरेशन ब्लू स्टार नामक इस सैन्य कार्रवाई में सरकारी आंकड़ों के अनुसार लगभग 400 लोगों की मृत्यु हुई, जबकि कई सिख संगठनों ने मृतकों की संख्या हजारों में बताई। इस कार्रवाई से सिख समुदाय के एक बड़े वर्ग में गहरा आक्रोश पैदा हुआ और कुछ ही महीनों बाद इंदिरा गांधी की हत्या को इसी अभियान की प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया।

हिंसा का भयावह दौर

प्रधानमंत्री की हत्या के बाद दिल्ली सहित कानपुर, बोकारो, जबलपुर और राउरकेला जैसे कई शहरों में सिख समुदाय पर हमले शुरू हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार केवल दिल्ली में 2,733 सिख मारे गए, जबकि देशभर में मृतकों की संख्या लगभग 3,000 बताई जाती है। हजारों घर, दुकानें और गुरुद्वारे जला दिए गए। अनेक परिवार हमेशा के लिए बिखर गए।

जांच आयोगों ने क्या कहा

घटनाओं की जांच के लिए अगले वर्षों में कई आयोग गठित किए गए। रंगनाथ मिश्रा आयोग और बाद में न्यायमूर्ति जी.टी. नानावती आयोग ने व्यापक गवाहियां दर्ज कीं। आयोगों के समक्ष आए अनेक बयानों में पुलिस की निष्क्रियता, भीड़ को रोकने में विफलता तथा कुछ स्थानों पर प्रशासनिक सहयोग जैसे गंभीर आरोप सामने आए। कई गवाहों ने दावा किया कि 31 अक्टूबर की स्वतःस्फूर्त हिंसा 1 से 3 नवंबर के बीच संगठित हमलों में बदल गई। हालांकि आयोगों की रिपोर्टों और उनके निष्कर्षों को लेकर लगातार विवाद बना रहा।

न्याय का लंबा इंतजार

वर्षों से कई पीड़ितों और सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया कि हिंसा में कुछ राजनीतिक नेताओं की भूमिका की निष्पक्ष जांच नहीं हो सकी। कुछ नेताओं के विरुद्ध मुकदमे चले, लेकिन अधिकांश मामलों में न्यायिक प्रक्रिया अत्यंत धीमी रही। अनेक आरोपी बरी हो गए, जबकि कई मामलों में अपीलें अब भी लंबित हैं। यही कारण है कि हजारों पीड़ित परिवार आज भी पूर्ण न्याय मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

इतिहास का कड़वा सबक

31 अक्टूबर 1984 केवल एक प्रधानमंत्री की हत्या का दिन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, प्रशासनिक जवाबदेही और सामाजिक सौहार्द की कठिन परीक्षा का प्रतीक भी है। यह त्रासदी याद दिलाती है कि किसी एक व्यक्ति के अपराध का दंड पूरे समुदाय को नहीं दिया जा सकता। चार दशक बाद भी यह घटना देश को न्याय, जवाबदेही और सांप्रदायिक सद्भाव की आवश्यकता का संदेश देती है, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति न हो।

शोरूमों पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़, 1 नवंबर से शुरू होगी डिलीवरी

हीरो की नई एक्सट्रीम 160आर 4वी और एक्सट्रीम 250आर लॉन्च, पहले पखवाड़े में जबर्दस्त बुकिंग

नई दिल्ली।

हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में अपनी नई एक्सट्रीम 160आर 4वी और रिफ्रेश्ड एक्सट्रीम 250आर लॉन्च कर दी हैं। लॉन्च के साथ ही दोनों मॉडलों को ग्राहकों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला है और कई शहरों में शोरूमों पर बुकिंग के लिए भीड़ देखने को मिली। कंपनी के अनुसार दोनों मोटरसाइकिलों की डिलीवरी 1 नवंबर से देशभर के हीरो शोरूमों से शुरू होगी।

एक्सट्रीम 160आर 4वी में बड़े बदलाव : नई एक्सट्रीम 160आर 4वी को पूरी तरह नए स्पोर्टी नेकेड डिजाइन के साथ पेश किया गया है। इसमें साइबर-शार्प डिजाइन, एलईडी हेडलैंप, एम्बिएंट लाइट सेंसर, प्रोजेक्टर हाई-बीम और आकर्षक डीआरएल दिए गए हैं। मोटरसाइकिल में 163 सीसी, चार वाल्व, ऑयल-कूल्ड इंजन है, जो 17.1 पीएस की शक्ति और 14.6 एनएम टॉर्क उत्पन्न करता है। यह बाइक 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार मात्र 4.4 सेकंड में पकड़ लेती है।

एफएसडी सस्पेंशन और आधुनिक फीचर : राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए बाइक में एफएसडी सस्पेंशन, 37 मिमी के केवाईबी अपसाइड-डाउन फ्रंट फोर्क, सात-स्टेप प्रीलोड एडजस्टेबल रियर मोनोशॉक, तीन राइडिंग मोड-रेन, रोड और स्पोर्ट-के साथ सेगमेंट-फर्स्ट क्रूज कंट्रोल और पैनिक ब्रेक अलर्ट जैसी सुविधाएं दी गई हैं।



एक्सट्रीम 250आर में दमदार प्रदर्शन : रिफ्रेश्ड एक्सट्रीम 250आर में 250 सीसी लिक्विड-कूल्ड, चार वाल्व डीओएचसी इंजन दिया गया है, जो 30 पीएस की शक्ति और 25.3 एनएम टॉर्क पैदा करता है। बाइक में गोल्ड एनोडाइज्ड फ्रंट फोर्क, कार्बन फाइबर फिनिश, हाइड्रो-डिप्ड पैनल और आकर्षक रंगीन रिम इसे आक्रामक स्ट्रीटफाइटर लुक देते हैं। इसमें चार राइडिंग मोड भी उपलब्ध हैं, जो अलग-अलग परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं।

कीमत और उपलब्धता : एक्सट्रीम 160आर 4वी तीन वेरिएंट-स्टैंडर्ड, प्रो और कार्बन-में उपलब्ध है, जिनकी एक्स-शोरूम कीमत क्रमशः 1.27 लाख, 1.37 लाख और 1.41 लाख रुपये है। वहीं एक्सट्रीम 250आर की शुरूआती एक्स-शोरूम (दिल्ली) कीमत 1.98 लाख रुपये रखी गई है। यह कार्बन रेड, कार्बन व्हाइट और कार्बन ब्लैक रंगों में उपलब्ध होगी।

6700 रु. का नया हेलमेट लाँच

नई दिल्ली। प्रीमियम हेलमेट निमार्ता कंपनी एसएमके ने अपना नया एग्नार रेव फुल-फेस हेलमेट भारतीय बाजार में लॉन्च किया है। इसकी शुरूआती कीमत 6,700 रुपये (सभी कर सहित) रखी गई है। हेलमेट छह रंग विकल्पों तथा एक्सएस से एक्सएक्सएल आकार में उपलब्ध होगा। एग्नार रेव में बेहतर फिटिंग के लिए दो अलग-अलग बाहरी शेल, ऊर्जा अवशोषित करने वाला थर्मोप्लास्टिक शेल और बहु-घनत्व ईपीएस लाइनर दिया गया है। यह ईसीई 22.06, डॉट और आईएसआई सुरक्षा मानकों के अनुरूप प्रमाणित है। हेलमेट में 21 स्टेनलेस स्टील वेंट, स्क्रैच-प्रतिरोधी वाइजर, इनर सन वाइजर, पिनलॉक-30 लेंस, हटाकर धोई जा सकने वाली अंदरूनी गद्दी और डबल डी-रिंग स्ट्रैप जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इसका डिजाइन यूरोप में तैयार किया गया है, जबकि निर्माण भारत में होगा।



श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8597-6200 (आ. 585 क्विं.), मूंग 8425-7100 (आ. 1057 क्विं.), ग्वार 7735-7125 (आ. 114 क्विं.), नरमा 8889-8551 (आ. 1721 क्विं.), बाजरा 2698-2530 (आ. 55 क्विं.), गेहूं 2880-2875 (आ. 70 क्विं.), कपास 8855-8625 (आ. 68 क्विं.), मक्का 2551 (आ. 20 क्विं.), अरण्डी 7995-7895 (आ. 25 क्विं.), चना 6970-6000 (आ. 76 क्विं.), जवी 3861 (आ. 15 क्विं.), **गजसिंहपुर :** सरसों 8777-8203, ग्वार 7500-7000, चना 6650-6630, मूंग 8271-7401, नरमा 8861-7700, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2890-2100, सरसों 8601-5500, पीली सरसों 8900-6200, ग्वार 7720-6500, मूंग 8430-5000, नरमा 8891-8000, बाजरी 2700-2000, **घड़साना :** मूंग 8710-6705, नरमा 8895-8785, सरसों 8565-8306, ग्वार 7520-7475, **रायसिंहनगर :** सरसों 8800-8301, चना 6801-6390, गेहूं 2970-2700, मूंग 8525-7211, नरमा 8838-8701, कपास 8400, ग्वार 7836-7460, बाजरी 2702, **श्रीकरणपुर :** नरमा 9071-8680, सरसों 8453-8301, ग्वार 7501, मूंग 6475, **जैतसर :** सरसों 8530-6500, मूंग 7785-7524, नरमा 9020-8765, गेहूं 2870, धान 4490-3721, **अनूपगढ़ :** नरमा 8870-8740, मूंग 8600-7200, सरसों 8625-7500, ग्वार 7631-7360, बाजरा 2801-2621, धान 4500-3821, गेहूं 2850, कपास 8300, **श्रीबिजयनगर :** मूंग 8480-7975, नरमा 8821-8605, ग्वार 7700-7301, सरसों 8140-7915, बाजरी 2720-2670, कपास 8715-8650, धान 4451-4430

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।,चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8840, नरमा व्यापारी 8785, बाजरा 2571, ग्वार 7700, मूंग व्यापारी 7871, धान पीआर व्यापारी 4450, धान 1509-3825, **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8680, गेहूं व्यापारी 2881, ग्वार 7501, धान पीआर व्यापारी 2316 **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8895, नरमा व्यापारी 8811, बाजरा 2601, ग्वार 7500, मूंग व्यापारी 7800, धान पीआर व्यापारी 2395, धान मुछल 4484, धान 1509-4275 **रावतसर:** कपास 8370, नरमा व्यापारी 8870, गेहूं व्यापारी 2842, बाजरा 2575, ग्वार 7872, चना व्यापारी 6506, मूंग व्यापारी 8000, मोठ 8640, सरसों व्यापारी 8651, तारामीरा 7200, तिल 21800, अरण्डी 7861, मूंगफली व्यापारी 7700 **नोहर:** गेहूं व्यापारी 2899, ग्वार 7701, चना व्यापारी 7070, मूंग व्यापारी 8300, मोठ 8470, सरसों व्यापारी 8696, अरण्डी 7980, मूंगफली व्यापारी 7650 **भादरा:** गेहूं व्यापारी 3030, ग्वार 7552, सरसों व्यापारी 9345 **संगरिया:** नरमा व्यापारी 8800, गेहूं व्यापारी 2851, बाजरा 2505, ग्वार 7650, मूंग व्यापारी 7600, सरसों व्यापारी 8334, मक्का 2260 **गोलूवाला:** कपास 8125, नरमा व्यापारी 8771, गेहूं व्यापारी 2820, बाजरा 2574, ग्वार 7900, चना व्यापारी 5750, मूंग व्यापारी 8200, सरसों व्यापारी 8406, तारामीरा 6871, तिल 17000 **पीलीबंगा:** कपास 9050, नरमा व्यापारी 8755, बाजरा 2501, ग्वार 7800, मूंग व्यापारी 7800, सरसों व्यापारी 8252, धान पीआर व्यापारी 2325, धान 1509-3900

गंगनहर का वरीयताक्रम



01 नवम्बर 2026, रविवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (7)	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
केके	766 (6)	27 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	03 नवम्बर सायं 6 बजे
एलएनपी	1043 (3)	30 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	06 नवम्बर रात्रि 9 बजे
ईईए	1103 (3)	30 अक्टूबर प्रातः 9 बजे	06 नवम्बर सायं 6 बजे
बीबी	1301		
एमके	1399		
एच	1706		
वाई	1737		
जैड	1892		
डी-भागसर	1910		
बीआईएफ+जे	1951		
पीएस	2111		
समेजा	2313		
करणीजी	2643		01 नवम्बर प्रातः6 बजे
एमएलए	2684		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमएल	2744		30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
नेतेवाला	2765		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
हिरणावाली	2787		29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
जीजी	2988		29 अक्टूबर सायं 6 बजे
फार्म	3049		26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
रिडमलसर	3060		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एचएच	3095		26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
आरबी	3365		26 अक्टूबर सायं 3 बजे

नोट : गंगनहर में शनिवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1509 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6370	साहवा	250
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	2550
एनडी	निल	कंवरसैन	512
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	2407
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

शनिवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 31.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.70
पानी की आवक - 9037 क्यूसेक, निकासी- 8400 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1359.72
पानी की आवक- 3064 क्यू., निकासी- 9003 क्यू., बीकानेर - 2169

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

28 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

रतनपुरा	42	नवां-सतीपुरा	987
नाथवाना	73	मोरजण्डा	1200
प्रतापपुरा	248	नगराना	1208
हरिपुरा	261	लीलांवाली	1448
दीनगढ़	274	भाखरांवाली	1453
सूरतपुरा	283	करनीसिंह	1783
मोडिया	508	मम्मड़खेड़ा	1978
पीलीबंगा	653	जोड़कियां	2058
लोंगवाला	868	सूरतगढ़	2178
अमरपुरा	963	भगतपुरा	2216
रोड़ांवाली	976	संगरिया	2222

डुकाटी फॉर्मूला 73 की सभी यूनिट बिकीं



नई दिल्ली। इटली की प्रीमियम मोटरसाइकिल कंपनी डुकाटी ने भारत में अपनी खास बाइक फॉर्मूला 73 पेश की है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 20 लाख रुपये रखी गई है। सीमित संस्करण वाली इस बाइक की दुनियाभर में केवल 873 यूनिट बनाई जाएंगी और भारत के लिए तय सभी यूनिट बुकिंग से पहले ही बिक चुकी हैं। फॉर्मूला 73 का डिजाइन वर्ष 1973 की डुकाटी 750 सुपर स्पोर्ट डेस्मो से प्रेरित है। इसमें सिल्वर और एक्वा ग्रीन रंग संयोजन, सुनहरी पट्टी, विशेष एल्युमीनियम पुर्जे और अलग सीरियल नंबर दिया गया है। बाइक में 803 सीसी डेस्मोड्यू इंजन है, जो 73 हॉर्सपावर की ताकत देता है। इसमें कॉर्नरिंग एबीएस, ट्रैक्शन कंट्रोल, क्विक शिफ्ट, राइडिंग मोड, 4.3 इंच टीएफटी स्क्रीन और एलईडी लाइटिंग जैसे आधुनिक फीचर दिए गए हैं।

Hero



हीरो संग
त्योहार है
हर कहीं...

Herotsav
1 से 4 नवम्बर 2026

हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर
जीतने का मौका पाएं.









कैश डिस्काउंट ₹3 000~ तक | फाइनेंस 100%^ तक | एक्सचेंज बोनस ₹5 000^ तक | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10000$ तक SBI card HDFC BANK pine labs | कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200* तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

5 YEAR WARRANTY | Hero GoodLife | Also Available on: Flipkart amazon.in | Finance Powered by: Hero FINCORP SHRIRAM

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts.Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together. ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, subject to their respective T&Cs. 100% finance applicable on Ex-showroom price. Offer available only on limited stores. $Offer is only for New Goodlife members. Limited period offer. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 992296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

एंटरटेनमेंट UPDATE
रविवार विशेष

नीरू बाजवा की भूमिका वाली स्पोर्ट्स ड्रामा 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में

'थापी' में महिला सशक्तिकरण की गूँज

पंजाबी सिनेमा में महिलाओं के जज्बे और संघर्ष को दर्शाने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'थापी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में अभिनेत्री नीरू बाजवा 'कम्मो' के किरदार में नजर आएँगी, जो रूढ़िवादी सामाजिक सोच को चुनौती देते हुए गाँव की लड़कियों को एकजुट कर एक कबड्डी टीम तैयार करती हैं। यह कहानी केवल खेल के मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की महत्वाकांक्षा, सामूहिक शक्ति और अंतरराष्ट्रीय स्तर (न्यूजीलैंड के खिलाफ) अपनी पहचान बनाने के सपने की है। फिल्म के संवाद और निर्देशन का जिम्मा जगदीप सिंह वारिंग ने संभाला है।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हाल ही में फिल्म के निमार्ताओं और कलाकारों से मुलाकात कर इसे अपना पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि खेल चाहे कोई भी हो, महिलाओं के संघर्ष और सफलता की कहानी हर जगह प्रेरणा देती है। इस फिल्म से बॉलीवुड अभिनेता सन्नी सिंह अपना पंजाबी डेब्यू कर रहे हैं। इनके साथ हशतीन चौहान और सावन रूपोवाली मुख्य भूमिकाओं में हैं। अमानप्रीत सिंह (स्मार्टर्स फिल्म्स) और नीरू बाजवा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 'थापी' 16 अक्टूबर 2026 को दुनिया भर में रिलीज होने जा रही है।

34 साल पहले आया था कुमार सानू और लता मंगेशकर का पहला गीत

भारतीय सिनेमा की 'स्वर साम्राज्ञी' लता मंगेशकर की आवाज के करोड़ों फैंस हैं लेकिन ऐसा नहीं है कि दिग्गज गायिका की दीवानगी सिर्फ उनके फैंस के बीच ही है। 90 के दौर के सिंगर्स का लता मंगेशकर के साथ गाना सपना हुआ करता था। उनके साथ गाना किसी सुनहरे मौके से कम नहीं था और इसीलिए जब कुमार सानू पहली बार उनके साथ गाने की रिकॉर्डिंग करने पहुंचे तो वे घबरा गए थे। जी हां, यह किस्सा 34 साल पुराना है जब कुमार सानू और लता मंगेशकर ने 90 के दशक का आईकॉनिक सॉन्ग दिया था। यह गाना था 1992 में रिलीज हुई फिल्म नया सावन का। जिसके बोल हैं- प्यार अगर तुम करते हो। यह गीत फिल्म की लीड कास्ट अश्विनी भावे और दीपक सराफ पर फिल्माया गया था। इस गाने को लता मंगेशकर और कुमार सानू ने आवाज दी थी वहीं बप्पी लाहिरी ने इसके संगीतकार थे और गीतकार अंजान और इंदीवर थे।



'फास्ट एंड फ्यूरियस' का नया टीवी स्पिन-ऑफ 2028 में होगा रिलीज



'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रैंचाइजी अब टीवी पर अपना विस्तार कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पीकॉक ने इस फ्रैंचाइजी पर आधारित एक नई स्क्रिप्टेड टीवी सीरीज को हरी झंडी दे दी है। यह सीरीज 2028 में रिलीज होगी, जिसका प्रीमियर अगले फिल्म सीक्वल 'फास्ट फॉरएवर' के साथ 17 मार्च 2028 को होगा। फ्रैंचाइजी स्टार विन डीजल इस सीरीज के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर होंगे। माइक डेनियल्स और वोल्फ कोलमैन को-शो-रनर, लेखक और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर की भूमिका निभाएंगे। 11 फिल्मों के साथ 7 अरब डॉलर से अधिक की कमाई करने वाली इस फ्रैंचाइजी की टीवी सीरीज प्रशंसकों को किरदारों की कहानियों को और गहराई से देखने का मौका देगी।

लावणी क्वीन विठाबाई



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर जल्द ही एक ऐसी ऐतिहासिक शख्सियत का किरदार पर्दे पर जीवंत करने जा रही हैं, जिनकी अदम्य इच्छाशक्ति और कला के प्रति समर्पण की मिसाल आज भी दी जाती है। आगामी 4 दिसंबर को रिलीज होने जा रही बायोपिक 'ईठा' महाराष्ट्र की सुप्रसिद्ध लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के संघर्षपूर्ण और प्रेरक जीवन पर आधारित है।

श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' (4 दिसंबर को रिलीज) महाराष्ट्र की प्रसिद्ध लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। सोलापुर के पंढरपुर में जन्मी विठाबाई ने बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के बचपन से ही मंच पर अपनी कला का लोहा मनवाया और भारत की शीर्ष लावणी परफॉर्मर बनीं।उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि लीजेंडरी फिल्ममेकर राज कपूर ने उन्हें अपनी फिल्म में काम करने का ऑफर दिया था। लेकिन मंडली से जुड़े कलाकारों के रोजगार की खातिर उन्होंने इस प्रस्ताव को नम्रता से ठुकरा दिया।

विठाबाई के जीवन की सबसे हैरान करने वाली घटना तब घटी जब 9 महीने की गर्भवती होने पर एक लाइव शो के दौरान उन्हें लेबर पेन शुरू हुआ। शो बीच में रोकने के बजाय उन्होंने मंच के पीछे बच्चे को जन्म दिया, नुकीले पत्थर से गर्भनाल काटी और घाव बांधकर तुरंत वापस लावणी परफॉर्म करने स्टेज पर लौट आईं।

कला में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 1957 और 1990 में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया। महाराष्ट्र सरकार आज भी उनके नाम पर लोक कलाकारों को सम्मानित करती है।

ज्ञान-विज्ञान

सूर्य के रहते हुए भी अंतरिक्ष क्यों दिखाई देता है काला



अंतरिक्ष की तस्वीरों में हम हमेशा ब्रह्मांड को अंधेरे या काले रंग में ही देखते हैं। यह बात बेहद हैरान करने वाली लगती है कि हमारे सौरमंडल में सूर्य मौजूद है और वह अपनी तीव्र रोशनी लगातार बिखेर रहा है, इसके बावजूद अंतरिक्ष पूरी तरह काला दिखाई देता है। इस सवाल का जवाब हमारे देखने के विज्ञान और अंतरिक्ष की भौतिक स्थिति में छिपा हुआ है।

इस रहस्य को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि हम किसी वस्तु को कैसे देख पाते हैं। विज्ञान के नियमों के अनुसार, हम किसी भी चीज को तभी देख पाते हैं जब उससे प्रकाश टकराकर या परावर्तित होकर हमारी आँखों तक पहुँचता है। यदि प्रकाश हमारी आँखों तक न पहुँचे, तो हमें कुछ भी दिखाई नहीं देता, और हमारा मस्तिष्क उस जगह को अंधेरे से भरा हुआ मान लेता है।

इसे पृथ्वी के उदाहरण से आसानी से समझा जा सकता है। दिन के समय पृथ्वी के वायुमंडल में मौजूद धूल, गैस और हवा के असंख्य कण सूर्य के प्रकाश को चारों तरफ बिखेर देते हैं, जिसे प्रकाश का प्रकीर्णन कहा जाता है। इसी बिखराव के कारण हमें धरती पर चारों तरफ उजाला नजर आता है।

इसके विपरीत, अंतरिक्ष एक विशाल निर्वात है, जहाँ हवा, धूल के कण या प्रकाश को फैलाने वाला कोई माध्यम नहीं होता। अंतरिक्ष में प्रकाश को रोकने या परावर्तित करने के लिए कोई दीवारें या ठोस सतहें भी नहीं हैं। जब तक सूर्य की सीधी किरणें हमारी आँखों या टेलीस्कोप में प्रवेश नहीं करतीं, अंतरिक्ष का खाली हिस्सा हमें नजर नहीं आता। यही मुख्य वजह है कि अंतरिक्ष यात्रियों को भी सूर्य की उपस्थिति में अंतरिक्ष काला ही दिखाई देता है।

रोचक तथ्य

- भारत के चंद्रयान नामक सैटेलाइट ने चंद्रमा के मिनरलॉजी मैपर की मदद से चंद्रमा के सतह पर पहली बार पानी खोज निकाला था.
- भारत का अंग्रेजी में नाम इंडिया इंडस नदी से बना है, जिसके आसपास की घाटी में आरंभिक सभ्यताएं निवास करती थीं। आर्य पूजकों में इस इंडस नदी को सिंधु नाम दिया था।
- भारत ने अपने आखिरी 100000 वर्षों के इतिहास में किसी भी देश पर हमला नहीं किया है।
- जब कई संस्कृतियों में 5000 साल पहले लोग घुमंतू वनवासी थे, तब भारतीयों ने सिंधु घाटी (सिंधु घाटी सभ्यता) में हड़प्पा संस्कृति की स्थापना की।
- भारत में विश्व भर से सबसे अधिक संख्या में डाक खाने (पोस्ट ऑफिस) स्थित हैं।

चुटकुले

टीचर : गोलू कई दिनों से स्कूल नहीं आए?
गोलू: बर्ड फ्लू हो गया था !
टीचर: तुम्हें बर्ड फ्लू! ये तो बर्ड को होता है!
गोलू: आपने मुझे इंसान समझा ही कहाँ ! रोज तो मुर्गा बनाते हो !!!

***

टीचर: न्यूटन का नियम बताओ।
लड़का: सर लास्ट का याद है
टीचर: चलो लास्ट का ही सुनाओ
लड़का: इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।

***

टीचर: संजू, ऊँट के मुँह में जीरा मुहावरे का अर्थ बताओ?
संजू: सर, ऊँट को जब भूख लगे और आप उसे सिर्फ एक जीरा खाने को दें।
टीचर: गधे! इसका मतलब होता है -जरूरत से बहुत कम मिलना।
संजू: सर, बात तो एक ही हुई ना! अब ऊँट का पेट जीरे से तो नहीं भरेगा!

बाल संदेश

कहानी

नीला गीदड़



एक समय की बात है, एक गीदड़ कुत्तों के झुंड से अपनी जान बचाकर भाग रहा था। भागते-भागते वह अचानक फिसल गया और नीले रंग से भरे एक ड्रम में गिर गया। जब वह बाहर निकला, तो पूरा नीला हो चुका था। उसने जंगल के जानवरों को यह विश्वास दिला दिया कि उसे भगवान ने उन पर राज करने के लिए एक विशेष प्राणी बनाकर भेजा है। जानवरों ने उसकी बात पर यकीन कर लिया और गीदड़ अपने इस नए पद और मान-सम्मान का आनंद लेने लगा। धीरे-धीरे वह घमंडी हो गया और उसे अपनी श्रेष्ठता पर पूरा भरोसा हो गया।

एक दिन, पास से गीदड़ों के एक झुंड के हुआँ-हुआँ (रोने/चिल्लाने) की आवाज आई, जिसे सुनकर वह खुद को रोक न सका और उनके साथ हुआँ-हुआँ करने लगा। इससे उसकी असली पहचान सबके सामने आ गई और सभी जानवरों ने उसे दौड़ाकर जंगल से भगा दिया।

शिक्षा : आप जो नहीं हैं, वह बनने का नाटक करने से आपको कभी सफलता नहीं मिलेगी। (बनावटी पहचान ज्यादा दिन नहीं टिकती।)

Vocabulary

- **Calumny** - A false and malicious statement designed to damage someone's reputation; slander.
- **Truculent** - Eager or quick to argue, fight, or show hostility; aggressively defiant.
- **Anachronistic** - Belonging or appropriate to a period other than that in which it exists; strikingly old-fashioned.
- **Inimical** - Tending to obstruct, harm, or be hostile toward something.

टंग ट्विस्टर

- पक्के पेड़ पर पक्का पपीता, पक्का पेड़ या पक्का पपीता, पके पेड़ को पकड़े पिंकू, पिंकू पकड़े पक्का पपीता।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला-पीला।
- समझ समझ के समझ को समझो, समझ समझ जो समझ न आये, वो समझ अ-समझ है।
- डब्बी में डब्बा, डब्बे में डिबिया, डिबिया के अंदर क्या?

रास्ता ढूँढो

इस भूल-भुलैया में से सही रास्ता चुनकर लड़की को उसकी गुड़िया तक पहुँचाइए।



India Monuments & Cities

Guess the City!

Look at the pictures and read the clues. Can you identify the city or place?

Explore India's Heritage!



सूरतगढ़; सीमावर्ती गांवों के सशक्तिकरण हेतु सेना का वाइब्रेंट विलेज सेमिनार

पूर्व सैनिकों की भागीदारी और नागरिक-सैन्य समन्वय पर जोर



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। सीमावर्ती गांवों को सुरक्षित, समृद्ध व सशक्त बनाने के उद्देश्य से सेना की ओर से राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों के पूर्व सैनिकों के लिए वाइब्रेंट विलेज सेमिनार आयोजित किया गया। बीकानेर मिलिट्री स्टेशन के तत्वावधान में आयोजित इस सेमिनार में भारतीय सेना, नागरिक प्रशासन व विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जबकि अन्य सीमावर्ती जिलों के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) ले. कर्नल निखिल धवन के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिक-सैन्य समन्वय मजबूत करना, सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाना और सीमावर्ती विकास में पूर्व सैनिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस दौरान पूर्व सैनिकों के कल्याण, सरकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच और सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। ग्रामीण विकास विभाग ने गांवों में आधारभूत सुविधाओं, आजीविका व रोजगार के साधन बढ़ाने की जानकारी दी। बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा, ड्रोन निगरानी और संदिग्ध हवाई गतिविधियों की समय पर सूचना देने के महत्व को रेखांकित किया। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मादक पदार्थों की तस्करी की चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक सतर्कता और एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल पर बल दिया। सेमिनार में पूर्व सैनिकों को सशस्त्र बलों व नागरिक समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा गया कि उनकी सक्रिय भागीदारी से सीमावर्ती गांवों को अधिक सुरक्षित व आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। इस पहल से भारतीय सेना ने राष्ट्र निर्माण में निरंतर भागीदारी की प्रतिबद्धता दोहराई।

पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया



सीमा सन्देश # बींझबायला। शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्रीगुरुसर मोड़िया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय अखंडता दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर व्याख्यान, शपथ एवं यूनिटी वॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना प्रभारी ललिता ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके जीवन, राष्ट्र के प्रति योगदान तथा देश की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता देश की शक्ति और प्रगति का आधार हैं। उन्होंने छात्राओं को जाति, धर्म एवं क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी सद्भाव, सहयोग एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ देश की एकता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

सरदार पटेल लॉ कॉलेज में मनाई जयंती



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्थानीय सरदार पटेल लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में एक विशेष पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित गणमान्य अतिथियों और संकाय सदस्यों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में डॉ. संतोष शर्मा (सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रोफेसर) तथा श्रीमती अनूप कटारिया (संस्कृत प्रोफेसर) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इनके साथ ही डॉ. विजयलक्ष्मी महेन्द्रा (पूर्व सदस्य, कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर) तथा सचिन महेन्द्रा (डायरेक्टर) एवं कॉलेज के समस्त संकाय सदस्यों ने माल्यार्पण कर सरदार पटेल के अमूल्य योगदान को याद किया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन साहस, दूरदर्शिता और अखंड राष्ट्र निर्माण के प्रति अद्वितीय समर्पण का प्रतीक है। स्वतंत्रता के पश्चात देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर एक मजबूत भारत की नींव रखने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। अतिथियों ने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों और लोकतांत्रिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। निदेशक सचिन महेन्द्रा ने सभी उपस्थित अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

मतदाता जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

सीमा सन्देश # घड़साना। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में 31 अक्टूबर को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरा भविष्य' विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई।



इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक अधिकारों एवं नागरिक कर्तव्यों तथा राष्ट्र निर्माण में युवा मतदाताओं की भूमिका पर विचार रखे। प्रतियोगिता में पूजा ने प्रथम, संजू ने द्वितीय तथा कौशल्या देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज एवं ईएलसी प्रभारी राजपाल ने कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं मतदान के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ सदस्य डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. राजेश पारीक, श्रीराम, सरोज, रिम्पी एवं संदीप कुमार मौजूद रहे।

राष्ट्रपति अवॉर्ड जांच शिविर में 9 स्काउट्स सफल

श्रीगंगानगर। भारत स्काउट एवं गाइड, जिला मुख्यालय की विभिन्न इकाइयों के नौ स्काउट्स ने जोधपुर के चौपासनी स्थित श्री विद्युलेश वन ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित राष्ट्रपति अवॉर्ड प्रमाण पत्र जांच शिविर में सफलता हासिल की। स्काउट अध्यापक प्रमोद कोरी के निर्देशन में शामिल स्काउट्स ने निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों और विषयों की परीक्षा दी। शिविर में गुड शेपर्ड पब्लिक स्कूल, 4/6 एमएसआर, पदमपुर और गंगानगर ओपन स्काउट ट्रूप के स्काउट्स शामिल हुए। अब सफल स्काउट्स राष्ट्रीय स्तर की सीबीटी परीक्षा में भाग लेंगे।

चिकन पाउडर और पुनर्नवा एक्सट्रेक्ट से तैयार हुआ शेल्फ-स्टेबल फंक्शनल मफिन

बीकानेर।

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग ने खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार बिरवाल एवं उनकी टीम द्वारा तैयार किए गए ह्यचिकन पाउडर एवं पुनर्नवा आधारित फंक्शनल मफिनको भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है।

यह नवोन्मेषी बेकरी उत्पाद (मांस आधारित मफिन) खाद्य सुरक्षा और पोषण के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।

इस शोध की प्रमुख विशेषताएं: औषधीय गुणों से



भरपूर: मफिन में औषधीय पौधे पुनर्नवा का अर्क मिलाया गया है, जो उच्च एंटी-ऑक्सीडेंट और कई स्वास्थ्यवर्धक लाभों से समृद्ध है।

उच्च पोषण मूल्य: यह मफिन आवश्यक अमीनो एसिड्स और उच्च भौतिक-रासायनिक गुणों से युक्त एक संपूर्ण पोषणयुक्त आहार है।

दीर्घकालिक शेल्फ-लाइफ : इस उत्पाद की सबसे बड़ी खासियत इसकी शेल्फ लाइफ है—इसे सामान्य कमरे के तापमान पर एक सप्ताह से अधिक और रेफ्रिजरेटर में महीनों तक बिना खराब हुए सुरक्षित रखा जा सकता है।

विश्वविद्यालय में खुशी की लहर : एलपीटी विभाग, सीवीएएस बीकानेर की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस नवीन पेटेंट की मंजूरी से राजूवास के नाम एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि फंक्शनल फूड्स की शृंखला में आने वाले दिनों में राजूवास द्वारा कई और पेटेंट पंजीकृत कराए जाएंगे।

डाबी शू सेंटर पर भव्य हवन आज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित दुकान नंबर 101 और 102 पर बने लीलाधर डाबी के प्रतिष्ठान ह्यडाबी शू सेंटरह्ल में आगामी एक नवम्बर रविवार को प्रातः 10:00 बजे से एक भव्य हवन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है। योगाचार्य लीलाराम ने कहा कि शहरभर के सभी धर्मप्रेमी भक्त निर्धारित समय पर पहुंचकर इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें और प्रभु जी का विशेष आशीर्वाद एवं प्रसाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। आयोजकों द्वारा इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष मूलचंदानी पहुंचे सालासर

सीमा सन्देश # सालासर। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जीआर मूलचंदानी शनिवार को परिवार सहित सालासर बालाजी धाम पहुंचे। उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। पुजारियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, जीतमल शर्मा सहित पुजारी परिवार ने मूलचंदानी को बालाजी महाराज का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया।

टीम ने दुकानों से खाद्य तेल के लिए सैम्पल, श्रीगंगानगर जिले में कई जगह की जांच



श्रीगंगानगर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने शनिवार को अलग अलग स्थानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी नित्या शर्मा, मंजूबाला एवं कंवरपाल सिंह ने जिला मुख्यालय पर गौशाल मार्ग स्थित लालवाश बेकरी से खाद्य तेल (यूज्ड कुकिंग ऑयल) का सैंपल, लालगढ़ के कंसल प्रोविजनल स्टोर से भुजिया व गुड़ के और सोखल वैरायटी स्टोर से सुरभि फ्रेश तेल व अंबिका गोल्ड पैक्ड मैदा के सैंपल लिए। वहीं बींझबायला में मुख्य बाजार स्थित चौधरी डेयरी से गाय के दूध तथा दीपक ट्रेडिंग कंपनी से मिर्च पाउडर का नमूना लिया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी हंसराज गोदारा एवं उर्मिला भादू ने की। इसी क्रम में एफएसओ हेतराम खुड़िया ने सूरतगढ़ स्थित गुरु कृपा ऑयल एंटरप्राइजेज से मूंगफली के तेल (तर्पण ब्रांड) एवं खुले सरसों के तेल का सैंपल लिया। लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया जाएगा। नमूना लेने मात्र से खाद्य सामग्री को मिलावटी या अमानक नहीं माना जाता। प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट के आधार पर ही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

सरदारशहर; केकेसी महाविद्यालय में सेना कॅरियर सेमिनार



सीमा सन्देश # सरदारशहर। केकेसी पीजी महाविद्यालय के सभागार में भारतीय सेना में कॅरियर की संभावनाओं को लेकर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता एआरओ झुंझुनूं के मेजर एस. संग्राम रहे, जिनका महाविद्यालय परिवार ने स्वागत किया। मेजर संग्राम ने विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स को सेना में अधिकारी, जेसीओ, ओआर, इंजीनियरिंग, आर्मी मेडिकल कोर, फामेर्सी और अग्निवीर पदों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने योग्यता, शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा व चयन प्रक्रिया के चरणों से अवगत कराते हुए बीकानेर में प्रस्तावित आगामी सेना भर्ती की तैयारी का आह्वान किया। एएनओ लेफ्टिनेंट वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने एनसीसी को अनुशासन व राष्ट्रसेवा का माध्यम बताया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. किशोर सिंह राठौड़ ने युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मेजर एस. संग्राम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर ऋषिका राजपुरोहित को सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार चौहान ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन जगदीश कुमार ने किया। इस दौरान स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय कारागृह का एडीजे सुथार ने किया औचक निरीक्षण

व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निरुद्ध बंदियों से किया संवाद



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रवि प्रकाश सुथार ने शनिवार को केन्द्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागृह में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान ऐसे बंदियों से विशेष रूप से बातचीत की गई, जिनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं थे। ऐसे बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विधिक सहायता आवेदन भरवाने हेतु जेल प्रशासन एवं जेल विजिटिंग अधिवक्ता को आवश्यक निर्देश दिए गए। एडीजे सुथार ने कारागृह में निरुद्ध बंदियों को जमानत, अपील एवं निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी। इस मौके पर केन्द्रीय कारागृह के उपाधीक्षक हेमराज वैष्णव, जेलर चरण सिंह एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ रोहताश यादव उपस्थित रहे।

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 176 रन से हराया:तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीती; हार्मर ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए

कगिसो रबाडा ने भी दूसरी पारी में 3 विकेट लिए

केपटाउन।

साउथ अफ्रीका ने केपटाउन टेस्ट मैच के पांचवे दिन ऑस्ट्रेलिया को 176 रन से हरा दिया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों होम सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 288 रन का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में टीम 111 रन पर सिमट गई।

साउथ अफ्रीका की जीत के हीरो ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर रहे। उन्होंने दूसरी पारी में 16 रन देकर 6 विकेट लिए। मैच में उन्होंने 10 विकेट रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

कगिसो रबाडा ने भी दूसरी पारी



में 3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को शुरूआती झटके दिए।

ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 से तीसरे पर पहुंचा : इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में अपना नंबर-1 पोजिशन गंवा दिया है। टीम अब तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं साउथ अफ्रीका 71.430 पर्सेंटेज के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। इसका फायद न्यूजीलैंड को भी मिला है, जो पहले नंबर पर पहुंच गई है।

अफ्रीका ने पहली बार 2 होम सीरीज जीती

साउथ अफ्रीका ने 1991 में इंटरनेशनल क्रिकेट में आने के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार 2 घरेलू टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2017-18 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी।

ऑस्ट्रेलिया की खराब शुरूआत

288 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बेहद खराब रही। कगिसो रबाडा ने पारी के पहले ही ओवर में मैट रेनशॉ और मार्नस लाबुशेन को आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने ट्रैविस हेड को भी पवेलियन भेजा। रबाडा ने अपने शुरूआती स्पेल में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने ट्रैविस हेड को आउट कर टेस्ट क्रिकेट में अपने 350 विकेट भी पूरे किए। वे सबसे कम गेंद फेंककर इस मुकाम तक पहुंचने वाले गेंदबाज बने।

रामेश्वरम-मदुरई के लिए विशेष रेल रवाना

योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक करेंगे तीर्थ यात्रा



सीमा सन्देश # चुरू। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2026 के तहत बीकानेर से वाया पाली होते हुए रामेश्वरम-मदुरई के लिए विशेष भारत गौरव रेल गुरुवार को रवाना हुई। देवस्थान सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि बीकानेर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई इस रेल में चूरू जिले के 336 तथा बीकानेर के 64 यात्री शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में एक ट्रेन प्रभारी, एक चिकित्सक, दो नर्सिंगकर्मी और 26 अनुरक्षक नियुक्त किए गए हैं। यह विशेष रेल 5 नवंबर को वापस बीकानेर रेलवे स्टेशन लौटेगी। यात्रा के दौरान ठहरने और भोजन की व्यवस्था आईआरसीटीसी द्वारा की गई है। सोनी ने बताया कि योजना के तहत आगामी 23 नवंबर 2026 को तिरुपति तथा 13 दिसंबर को कामाख्या के लिए भी विशेष रेल रवाना होगी। तीर्थ यात्रा से संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय समय में यात्रा शाखा प्रभारी महेश कुमार शर्मा से संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या:** एस.एण्ड.टी/बी. के.एन-2026-27-34; **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के हनुमानगढ़-सादुलपुर खंड के 12 स्टेशनो पर दोहरे VDU (Dual VDU) का प्रावधान करना" **अनुमानित लागत मूल्य रू:** Rs. 75097362.86; **Bid Security:** Rs. 1502000; **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 23.11.2026 को 15:00 बजे तक; **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है:** www.ireps.gov.in

1566-AM/26

हमे /NWRailways पर फॉलो करे

एसकेडीयू के दीक्षांत समारोह में 384 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधियां, नवाचार और रोजगार सृजन पर जोर

पॉन्डमैन ऑफ इंडिया तंवर को पर्यावरण विज्ञान में मानद डॉक्टरेट, उपाधि के बाद भी सीखना बंद न करें : न्यायमूर्ति गर्ग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़



श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय (एसकेडीयू), हनुमानगढ़ का द्वितीय भव्य दीक्षांत समारोह शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में 384 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को पीएचडी और स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की गईं। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पॉन्डमैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध रामवीर तंवर को पर्यावरण विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास, स्वरोजगार और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषय प्रमुखता से उभरे। वक्ताओं ने कहा कि उपाधि प्राप्त करना केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जीवन में नई जिम्मेदारियों की शुरूआत है। शिक्षा तभी सार्थक है, जब उससे प्राप्त ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में किया जाए।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गर्ग ने कहा कि वर्ष 2018 में स्थापित श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय ने आठ वर्षों की यात्रा में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नए स्टार्टअप शुरू होने का भी उल्लेख किया। उन्होंने शोधार्थियों और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उपाधि प्राप्त करने के बाद भी सीखना बंद नहीं करना चाहिए। जीवनभर विद्यार्थी बने रहना ही निरंतर प्रगति का आधार है। असफलता को अंत मानने के बजाय उसे सफलता की ओर बढ़ने का एक पड़ाव समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखने और अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्रहित में करने का आह्वान किया।

सत्य, कर्तव्य और संस्कृति के संरक्षण का संदेश : हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उपाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा और साधना के एक महत्वपूर्ण पड़ाव की पूर्णता का प्रतीक है। अब विद्यार्थियों के सामने अपने ज्ञान को जीवन में उतारने और संकल्पों को व्यवहार में परिणत करने की चुनौती है। उन्होंने सत्य बोलने और अपने कर्तव्य का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा अपनी सभ्यता और संस्कृति के संरक्षण के प्रति सजग रहना चाहिए।

शिक्षा की सार्थकता समाज के लिए उपयोगिता से तय होती है : डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ला ने संस्कृत के श्लोकों से सुसज्जित उद्बोधन में कहा कि केवल उपाधि प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। शिक्षा के माध्यम से जीवन में सफलता हासिल करने के साथ उसकी सार्थकता भी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को आत्ममंथन करना चाहिए कि उसकी शिक्षा और उपाधि समाज हेतु कितनी उपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, शिक्षित व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने ज्ञान का उपयोग समाज व राष्ट्र के हित में करे।

युवाओं से और सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का आह्वान : कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलपति डॉ. विमला डुंकवाल ने कहा कि उपाधि प्राप्त करना केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा यहां समाप्त नहीं होती, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने के नए अवसर शुरू होते हैं। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता भी बताई। डॉ. डुंकवाल ने मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण परिवार एवं सामाजिक संबंधों में बढ़ती दूरियों पर चिंता जताई। उन्होंने विद्यार्थियों से रोजगार तलाशने वाले बनने के बजाय रोजगार देने वाले बनने की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया।

पॉन्डमैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर को मानद डॉक्टरेट : दीक्षांत समारोह का प्रमुख आकर्षण पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रामवीर तंवर को पर्यावरण विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करना रहा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा निवासी तंवर पॉन्डमैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध हैं और सेव अर्थ एनजीओ के संस्थापक हैं। जल निकायों एवं तालाबों को पुनर्जीवित करने, आर्द्रभूमियों के संरक्षण और विकास, शहरी क्षेत्रों में छोटे वन विकसित करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

उपाधि के साथ बढ़ती है समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी : ट्रस्ट की उपाध्यक्ष श्रीमती कृष्णा यादव ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ उन्हें अपने ज्ञान का व्यापक उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पीएचडी और स्नातकोत्तर उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के अध्ययन और अनुसंधान से समाज को नए विचार, उपयोगी जानकारियां और समस्याओं के समाधान मिल सकते हैं। उच्च शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ज्ञान को व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित रखने के बजाय सामाजिक प्रगति से जोड़ना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान को व्यवहार में उतारने, कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने, रोजगार के नए अवसर विकसित करने और सामाजिक चुनौतियों के समाधान में योगदान देने का आह्वान किया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और नवाचार पर विशेष जोर : विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अमरजीत सिंह ने दीक्षार्थियों को शपथ दिलाई। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के साथ अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका केवल विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए तैयार करने तक सीमित नहीं है। उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाना भी जरूरी है। शिक्षा को व्यावहारिक प्रशिक्षण, रोजगार की आवश्यकताओं और समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़ने पर विद्यार्थियों के लिए नए अवसर विकसित हो सकते हैं। कृषि, स्वास्थ्य, पर्यावरण और तकनीकी क्षेत्रों में स्थानीय जरूरतों पर आधारित अनुसंधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जनजीवन को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

आत्मनिर्भरता विश्वविद्यालय का संकल्प : समारोह में भारत माता के जयघोष के साथ स्वागत उद्बोधन देते हुए श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि जीवन में कभी भी शॉर्टकट नहीं अपनाना चाहिए। ईमानदारी का रास्ता कठिन हो सकता है, लेकिन यही मजबूत भविष्य की नींव रखता है। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कवि हरिवंश राय बच्चन की प्रसिद्ध पंक्तियों–लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती–का उल्लेख किया। विश्वविद्यालय के महानिदेशक एवं सेवानिवृत्त आईजी गिरिश चावला ने धन्यवाद संबोधन में अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विश्वविद्यालय की अब तक की यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा, ज्ञान अवसर प्रदान करता है, जबकि अनुशासन प्रतिष्ठा दिलाता है। विद्यार्थी की सफलता केवल शैक्षणिक उपाधियों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और सामाजिक संवेदनशीलता से भी आंकी जानी चाहिए।

इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति: समारोह में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी (सोलन) के प्रो-कुलपति प्रो. (डॉ.) आर.के. गुप्ता, अर्जुन पुरस्कार विजेता पैरा एथलीट संदीप सिंह मान, अर्जुन पुरस्कार विजेता संदीप नरवाल, पदक विजेता खिलाड़ी राकेश नरवाल, पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन वरुण येादव, प्रबंध निदेशक दिनेश जुनेजा, भाजपा नेता देवेंद्र अग्रवाल, विभाग प्रचारक अशोक कुमार, विश्वविद्यालय की डिप्टी एमडी पूजा जुनेजा, वाग्भट वेलनेस आयुष रिसर्च सेंटर की सीईओ सिमरन जुनेजा, पार्षद मनजिंदर लेगा, मोहन लाल स्वामी और अशोक गाबा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

ज्ञान के साथ संकल्प और समर्पण जरूरी

अखिल भारतीय सांगलिया धूणी, सीकर के पीठाधीश्वर एवं समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी ओम दास महाराज ने दीक्षांत उद्बोधन में कहा कि ज्ञान प्राप्त करना शिक्षा है, जबकि शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने जीवन के उद्देश्य के प्रति संकल्प और समर्पण प्रदर्शित करना दीक्षा है। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर देश और समाज के हित में योगदान देना होगा। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, प्रतिभा और क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करना चाहिए।

आर्मी बैंड और घुड़सवारों ने बढ़ाई शोभा

दीक्षांत समारोह में अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। रजिस्ट्रार डॉ. मयंक माथुर के नेतृत्व में शैक्षणिक शोभायात्रा निकाली गई। गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आर्मी बैंड की मनमोहक प्रस्तुतियों, घुड़सवारों और अनुशासित सैन्य वेशभूषा के साथ अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विश्वविद्यालय के थीम गीत की प्रस्तुति दी गई, जिसके सम्मान में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने खड़े होकर सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इसमें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा, उपलब्धियों और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को प्रस्तुत किया गया।

पहले दिन 6 उम्मीदवारों ने 9 नाम निर्देशन पत्र किए दाखिल



सीमा संदेश # संगरिया। लोक सूचना जारी होने के साथ ही पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का कार्य शनिवार से शुरू हो गया।

रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए नामांकन भरने के पहले दिन 6 उम्मीदवारों के 9 फार्म प्राप्त हुए है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार मोनिका बंसल ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य वार्ड 1 से सुरस्ती ने कांग्रेस, वार्ड 2 में गुरसेवक सिंह ने कांग्रेस व निर्दलीय, महकप्रीत सिंह ने निर्दलीय, वार्ड 4 से गुरदीप कौर ने भाजपा व निर्दलीय, वार्ड 9 से सावित्री बहुजन समाज पार्टी, वार्ड 16 से कृष्ण कुमार जैन ने कांग्रेस व निर्दलीय से अपना नामांकन फार्म दाखिल किया है।

उन्होंने बताया कि नामांकन फार्म 4 नवंबर तक लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने में आमजन की सुविधा के लिए उपखंड कार्यालय परिसर के सभागार में विशेष हैल्प डैस्क स्थापित किया गया है। दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 नवंबर को होगी। नामांकन पत्र वापसी 6 नवंबर अपराह्न 3 बजे तक होगी तथा इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा।

विद्यालय में बांटे सेनेट्री नैपकिन



सीमा संदेश # संगरिया। सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 4 गुरु नानकनगर में बच्चों को 'दीपावली कैसे मनाए पटाके कैसे चलाए' के बारे में विस्तार से बताया। उनको ज्ञान वर्धक खेल भी खिलाए। सेनेट्री नैपकिन भी विद्यालय में भेट किए। इसमें क्लब अध्यक्ष ललिता ऐरी , सचिव शालिनी मरेजा आईएसओ रेणु जैन, सीमा चकती, निशा मिढ़ा, एडिटर कमल गर्ग उपस्थित रहे स्कूल प्रधानाध्यापिका नीलम ऐरी, अध्यापिका राजबाला सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता एवं सेवा का संदेश



सीमा सन्देश # रावतसर। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को एनएसएस के तत्वावधान में प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य शर्मिला चौधरी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर छात्राओं को सरदार पटेल के जीवन संघर्ष, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन एकता में शक्ति है और सेवा में ही सच्चा आनंद है के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

आरव की गायकी ने जीता अतिथियों का दिल, गुंजन को मिला हारमोनियम



सीमा सन्देश # भादरा। सरगम म्यूजिक अकादमी में शुक्रवार को परीक्षा परिणाम एवं अंकतालिका वितरण समारोह संगीतमय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शास्त्रीय संगीत की मधुर प्रस्तुतियां कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मालविका शर्मा, मैनेजर पीएनबी गांधीबड़ी तथा अजय चाचाण उपस्थित रहे। वहीं अतिथि के रूप में कुलदीप सिंह, मैनेजर पीएनबी भादरा, बालकिशन चचाण, समाज सेवी राघव चाचाण, राजेंद्र खदरिया एवं सुरेंद्र यादव सहित अन्य गणमान्यजन शामिल हुए। अकैडमी निदेशक बिजय चौबे, जयप्रकाश चौबे, कन्हैयालाल स्वामी, निरंजन शर्मा एवं सरगम परिवार के बच्चों के अभिभावकों ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। लॉर्ड कृष्णा स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता चौबे एवं अकादमी की सबसे वरिष्ठ छात्रा मिसेज थार्लोड ने मुख्य अतिथि मालविका शर्मा का पटका पहनाकर सम्मान किया।

सभापति ने पार्कों का किया निरीक्षण

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद सभापति मंजू रिनवा ने वार्ड संख्या 39 में पार्षद रेखा दादरी एवं सफाई शाखा प्रभारी प्रेमलता के साथ व्यापक दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने वार्ड के सभी सात पार्कों का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। दौरे की शुरूआत झूलेलाल पार्क से हुई। यहां स्थानीय निवासियों ने सभापति एवं पार्षद के समक्ष क्षेत्र की समस्याएं रखीं।

इस दौरान गोवर्धन, पूजा पारवानी, मनोज बंसल, कमल अग्रवाल, रेखा सोनी, नरेश कुमार एवं हरिशंकर पोपटानी सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे। इसके बाद शास्त्री पार्क का निरीक्षण किया गया। यहां वीपी गोयल, रजत कोचर, उमाशंकर शर्मा, लक्की टेकवानी, कृष्ण थरेजा और सुधीर कुक्कड़ सहित क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

अंतरा मिस फेयरवेल और हर्षिता बनीं मिस फ्रेशर



सीमा संदेश# संगरिया। ग्रा.वि. गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय में टू गेदर पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्या स्नेहलता गाबा रहीं। छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी एवं हिंदी गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। अंतरा को मिस फेयरवेल तथा हर्षिता को मिस फ्रेशर चुना गया। मुख्य अतिथि स्नेहलता गाबा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के लिए प्रेरित किया। उपप्राचार्या प्रो. सुमन शर्मा ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्रो. ऋतु दत्ता के साथ छात्राओं जिया एवं परमीत कौर ने किया। प्रो. जसविंद्र कौर, प्रो. सुदेश कुमारी, डॉ. शिल्पा रानी, प्रो. मोनिका, प्रो. अनिता, प्रो. अभिमन्यु वर्मा, प्रो. राकेश सोनी, प्रो. अरुण मुवाल, प्रो. इन्द्राज, प्रो. वीनस, राजेश कुमार गोस्वामी, श्रीमती नीलम रानी . जगदीश प्रशाद सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

इंदिरा की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन



सीमा सन्देश # भादरा। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार, 31 अक्टूबर को पीसीसी सदस्य शब्बीर हुसैन खान के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष स्व. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अटूट संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व से देश की एकता, अखंडता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में शब्बीर हुसैन खान (सदस्य पीसीसी), मालचंद राजपुरोहित (प्रदेश सचिव पीएससी), हरि सिंह बरोड़ (प्रदेश महासचिव, अनुसूचित जाति विभाग), डॉ. महमूद भाटी, भंवर खां कायमखानी, एडवोकेट राजेश नेहरा, सुल्तान खां राठौड़, फौजी गुलाम मोहम्मद, शंकर लाल आचार्य, वाहिद खान (पूर्व पार्षद), इस्माइल खान एवं शशि भाटी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनएसएस शिविर आयोजित

सीमा सन्देश # रावतसर। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। छात्राओं को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन संघर्ष एवं देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में उनके अतुलनीय योगदान के बारे में बताया गया। शिविर के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर व आसपास की साफ सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेविकाओं ने उत्साह एवं सक्रियता से भाग लिया।

स्कूल वैन को रास्ता देने के विवाद में खूनी संघर्ष का आरोप, ट्रॉमा सेंटर में चल रहा उपचार

खेत में घुसकर भाइयों पर किया हमला, सिर में गंभीर चोटें

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़





पीलीबंगा क्षेत्र के गांव डिंगवाला में खेत में घुसकर दो सगे भाइयों पर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में दोनों भाइयों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायलों का ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले स्कूल वैन को रास्ता देने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते शुक्रवार को जब मंसूफ और इसफाक खेत में गेहूं की बिजाई कर रहे थे, तभी कुछ लोग लोहे की एंगल, लाठियां और गंडासी लेकर खेत में पहुंच गए। आरोपियों ने उनका ट्रैक्टर रुकवाकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आईं। इस दौरान पीड़ित पक्ष की ओर से खेत में आरोपियों के पहुंचने और हमले का वीडियो भी बनाया गया। वहीं, दो दिन पहले हुई हाथापाई का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी पहले भी उनके साथ झगड़ा और गाली-गलौज कर चुके हैं। इस संबंध में पुलिस को शिकायत भी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घायल मंसूफ शाह ने बताया कि उनके बच्चों को लेने के लिए स्कूल वैन घर आती है। आरोपियों के वाहन गली में खड़े रहने के कारण वैन को निकलने के लिए पर्याप्त रास्ता नहीं मिल पाता। इसी बात को लेकर दो दिन पहले कहासुनी हुई थी। उस दौरान आरोपियों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी।

मंसूफ के अनुसार, शुक्रवार को वह खेत में गेहूं की बिजाई करने गए थे। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचे और हथियारों से हमला कर दिया। भाई इसफाक बचाव के लिए आया तो उस पर भी हमला किया गया। पीड़ित ने पूर्व में भी शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया है। घायलों के पिता गुलाम रसूल के बयान के आधार पर पुलिस ने अकरम, सद्दाम, शमीम, इकबाल, मंसूफ सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

पंचायती राज चुनाव

पहले दिन आए दो नामांकन

सीमा सन्देश # रावतसर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत पंचायत समिति रावतसर के सदस्य पदों के निर्वाचन को लेकर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा रावतसर द्वारा लोक सूचना जारी किए जाने के बाद 31 अक्टूबर को निर्वाचन क्षेत्र संख्या 16 एवं 14 में एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पंचायत समिति सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र 4 नवंबर तक अभ्यर्थी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। रिटर्निंग अधिकारी उपखंड अधिकारी शुभम शर्मा ने बताया कि चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नियमानुसार अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुरुसर धाम में धूमधाम से मनाया जाएगा बाबा श्याम का जन्मोत्सव

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री श्याम मंदिर गुरुसर धाम में इस बार खाटू वाले श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 20 नवंबर को मंदिर परिसर में विशाल जागरण आयोजित होगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं श्याम भक्त तैयारियों में जुटे हुए हैं। मंदिर पुजारी इंद्राज सेवदा एवं रामावतार सेवदा ने बताया कि जागरण में बाबा श्याम का गुणगान भजन प्रवाहक विपिन गुप्ता एवं कलाकारों द्वारा किया जाएगा। जन्मोत्सव के अवसर पर कोलकाता के फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा आलौकिक दरबार सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरण के दौरान श्री नवयुवक श्रृंगार मंडल गुरुसर धाम एवं श्याम भक्तों के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। बाबा के जन्मोत्सव को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह है और आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रद्धालु बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

ढाई लाख के चेक बाउंस मामले में 6 माह की सजा

सीमा सन्देश # भादरा। ढाई लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में भादरा न्यायालय ने अभियुक्त प्रेम कुमार को दोषी ठहराते हुए छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूप कुमार सैनी ने अभियुक्त को परिवादी इस्लाम खान को क्षतिपूर्ति के रूप में 3 लाख 40 हजार रुपये अदा करने के आदेश भी दिए हैं। न्यायिक निर्णय के अनुसार, परिवादी इस्लाम खान ने अभियुक्त प्रेम कुमार को घरेलू जरूरतों के लिए ढाई लाख रुपये उधार दिए थे। राशि की अदायगी के लिए अभियुक्त ने परिवादी को चेक दिया, लेकिन बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि नहीं होने के कारण चेक अनादरित हो गया। इसके बाद परिवादी ने कानूनी नोटिस भेजकर राशि की मांग की, लेकिन भुगतान नहीं होने पर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने परिवादी की ओर से प्रस्तुत चेक, बैंक का रिटर्न मेमो, कानूनी नोटिस तथा उधार राशि के संबंध में किए गए इकरारनामे सहित अन्य साक्ष्यों का अवलोकन किया। अभियुक्त की ओर से चेक के दुरुपयोग की दलील दी गई, लेकिन उसके समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं की गई।

सजा व जुर्माने का आदेश : मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त प्रेम कुमार को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत दोषसिद्ध घोषित किया। न्यायालय ने छह माह के साधारण कारावास के साथ 3,40,000 रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में जमा कराने के आदेश दिए। क्षतिपूर्ति राशि अपील की अवधि बीतने के बाद परिवादी को देने तथा राशि जमा नहीं कराने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने के आदेश भी दिए गए। यह निर्णय 30 अक्टूबर 2026 को भादरा न्यायालय में सुनाया गया। इस मामले में परिवादी इस्लाम खान की ओर से वरिष्ट अधिवक्ता अदीरीश अली व अधिवक्ता हनुमान सहारण ने पैरवी की।

'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत हनुमानगढ़ जंक्शन और टाउन पुलिस की कार्रवाई

14 हजार प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल व टैबलेट जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

जब्त नशीली दवाओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 55 लाख रुपए

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़

जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 14 हजार प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और टैबलेट जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जब्त नशीली दवाओं की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपए है। कार्रवाई हनुमानगढ़ जंक्शन और टाउन पुलिस ने की। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने बताया, नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद तथा सीओ सिटी मीनाक्षी के निकटतम सुपरविजन में दोनों थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जंक्शन पुलिस ने 10 हजार कैप्सूल-टैबलेट पकड़ी : हनुमानगढ़ जंक्शन थाना प्रभारी परमेश्वर सुथार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान श्रीगंगानगर रोड अंडरपास के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली। उनके कब्जे से 4 हजार प्रतिबंधित प्रेगाबालिन कैप्सूल आईपी 300 एमजी और 6 हजार टैपेंटाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट बरामद हुईं। पुलिस ने संदीप सिंह उर्फ हैप्पी (21) निवासी वार्ड नंबर 6, सहजीपुरा और विजय कुमार (24) निवासी वार्ड नंबर 24, डबली बास मौलवी को गिरफ्तार किया। दवाओं के परिवहन में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इस संबंध में मुकदमा संख्या 721/2026 भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(बी) के तहत दर्ज किया गया है। जांच थाना प्रभारी परमेश्वर सुथार कर रहे हैं।

टाउन पुलिस ने 4 हजार नशीली दवाएं की बरामद : दूसरी कार्रवाई में हनुमानगढ़ टाउन पुलिस ने गश्त के दौरान राधा स्वामी रोड स्थित गुरुसर नहर पुली के पास दो युवकों को पकड़ा। पुलिस ने इनके कब्जे से 1 हजार प्रेगाबालिन कैप्सूल और 3 हजार टैपेंटाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट बरामद कीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहंदी (करीब 20 वर्ष) और मुन्ना (करीब 21 वर्ष), दोनों निवासी नई आबादी गली नंबर 6, हनुमानगढ़ टाउन के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ मुकदमा संख्या 722/31 अक्टूबर 2026 भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(बी) के तहत दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों कार्रवाइयों में एजीटीएफ टीम हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही। जंक्शन पुलिस की कार्रवाई में पुलिस टीम का नेतृत्व उपनिरीक्षक गजेन्द्र शर्मा ने किया, जबकि टाउन पुलिस की कार्रवाई उपनिरीक्षक रामकेर के नेतृत्व में की गई। पुलिस आरोपियों से नशीली दवाओं की आपूर्ति और तस्करी से जुड़े नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

राजकीय कृषि महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया दीपावली उत्सव



सीमा सन्देश # नोहर। राजकीय कृषि महाविद्यालय, नोहर में दीपावली उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर वीणा की अध्यक्षता में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), नोहर के डॉ. सुरेश कांटवा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीपावली प्रकाश, सकारात्मक ऊर्जा और नई उम्मीदों का पर्व है। विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर वीणा ने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि ज्ञान, समर्पण और सामूहिक एकता का प्रतीक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करने और महाविद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

बीपीएल सिर्फ क्रिकेट नहीं, समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अभियान

11 से शुरू होगी भटनेर प्रीमियर लीग-7, पांच दिन तक 12 टीमें खिताब के लिए करेंगी मुकाबला; पोस्टर विमोचन के साथ तैयारियां तेज

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़



भटनेर किंग्स क्लब की ओर से आयोजित होने वाली भटनेर प्रीमियर लीग (बीपीएल) के सातवें संस्करण को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 नवंबर तक किया जाएगा, जिसमें 12 टीमें हिस्सा लेंगी। शुक्रवार को क्लब सदस्यों ने बीपीएल-7 के पोस्टर का विमोचन कर प्रतियोगिता के प्रचार अभियान की शुरूआत की। इस दौरान सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने और खेल के साथ सामाजिक सरोकारों की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

क्लब संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि बीपीएल का उद्देश्य केवल क्रिकेट प्रतियोगिता करवाना नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी है। क्रिकेट युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने, आपसी भाईचारा बढ़ाने और सामूहिक सहयोग की भावना मजबूत करने का माध्यम है। क्लब पिछले आयोजनों की तरह इस बार भी खेल के साथ सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देगा।

12 टीमें दिखाएंगी दमखम : इस बार प्रतियोगिता में हिमालयन टाइटंस, टाइगर्स, हॉक्स, चीटाज, किंग्स, शार्क्स, स्ट्राइकर्स, फायरबर्ड्स, रॉयल्स, वॉरियर्स, स्पैशर्स और एक अन्य वॉरियर्स नाम से सूचीबद्ध टीम सहित कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। पांच दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

खेल के साथ सेवा की पहचान : क्लब की ओर से पूर्व में आयोजित बीपीएल प्रतियोगिताओं से जुटाई गई सहयोग राशि का उपयोग गोशालाओं की सहायता, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह, बीमार व्यक्तियों के उपचार और जरूरतमंद परिवारों के मकान निर्माण जैसे कार्यों में किया जाता रहा है। क्लब सदस्यों के अनुसार, इसी सामाजिक पहल ने बीपीएल को खेल के साथ सेवा से जोड़ने वाली पहचान दी है।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल, सतनाम सिंह, रवि दाधीच, हरि चारण, कपिल गोयल, एडवोकेट गणेश गिल्होत्रा, सतविंदर सिंह, विशाल मुदगिल, विशाल छाबड़ा, लेखराज गिरधर, महक गर्ग, राज नंदा, गौरव बेनीवाल, प्रगट सिंह, अनिल नैन, शुभम कत्याल, जगतपाल, पवन राठी, दारा सिंह, आशीष गौतम, इंदर सिंधी, खुशनीत सिंह, संदीप चौधरी, सोनू गजरा, मनप्रीत सिंह और रिषभ शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक



सीमा सन्देश # नोहर। अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर शुक्रवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा।

वहीं मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूचियों को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है।

इंदिरा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



हनुमानगढ़ #सीमा सन्देश न्यूज। पूर्व प्रधानमंत्री एवं लौह महिला इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई।

दादरी ने कहा कि इंदिरा गांधी के विचार, उनके कार्य और देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। कांग्रेस कार्यकताओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय तथा देश की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए।

श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह चहल, करणी सिंह राठौड़, सोशल मीडिया प्रभारी जयराम दूकिया, सचिव बलवंत होटला, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विजय गोंद, गुरलाल मान, रामचंद्र चौधरी, आमिर खान, शाहरुख कुरैशी, योगेश वर्मा, अजय सिंह, कुलविंदर सिंह, मेजर सिंह, मान सिंह, नानक, सेवक सिंह, संदीप सैनी, महेंद्र कुमार, मुकेश देहडू और राजेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर निकाली रन फॉर यूनिटी

जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को किया रवाना, बच्चों से नियमित व्यायाम की अपील



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जंक्शन स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खेल जगत की कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की। सुबह 7 बजे जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव एवं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रद्धा गोमे ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया।

मैराथन राजीव गांधी स्टेडियम से शुरू होकर गुरु हरकिशन स्कूल, परशुराम चौक एवं सिविल लाइंस चौक होते हुए पुनः स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी राष्ट्रीय एकता के साथ स्वस्थ जीवन का संदेश भी देती है।

जिला कलेक्टर ने बच्चों से नियमित रूप से दौड़ने और व्यायाम करने की अपील करते हुए कहा कि जिस तरह मैराथन का आयोजन किया गया है, उसी तरह प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिट रहेंगे, तभी देश भी फिट रहेगा। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही हम देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं।

अनोखा तरीका: सरपंच प्रत्याशी ने शृंगारित ऊंटों पर निकाली रैली



सीमा सन्देश # चारणवासी। पंचायतीराज चुनाव में प्रत्याशी बढ़कर एक अनूठे और आकर्षक तरीके अपना रहे हैं। मंदरपुरा ग्राम पंचायत से सरपंच पद के प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा व पंस सदस्य प्रत्याशी प्रतिनिधि हेमराज शर्मा ने चुनाव प्रचार का एक बेहद अनोखा और पारंपरिक अंदाज दिखाया। प्रचार अभियान के तहत दोनों को भव्य रूप से सजे-धजे (श्रृंगारित) ऊंटों पर सवार किया गया, जिसके बाद पूरे गांव में एक मतदान अपील रैली निकाली गई। रैली के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर ऊंटों का मनमोहक नृत्य भी करवाया गया, जो पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। राजस्थानी संस्कृति और पारंपरिक ऊंट नृत्य की छाप छोड़ती इस अनोखी रैली को देखने के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने घरों से बाहर निकल आए और सड़कों के दोनों ओर लोगों का हुजूम जमा हो गया। रेगिस्तानी परंपरा से जुड़ा यह प्रचार अंदाज पूरे क्षेत्र में कौतूहल और चर्चा का विषय बना हुआ है।

महिला के कानों की बालियां छीनी

सीमा सन्देश# रावतसर। पुलिस चौकी राजकीय चिकित्सालय के पास दिनदहाड़े एक बाइक सवार महिला के कानों की बालियां झपटकर फरार हो गया। राजकीय चिकित्सालय के सामने अचानक हुई वारदात के दौरान महिला, ऑटो चालक से बात कर रही थी।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे कि फुटेज के आधार पर आरोपित तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध पुलिस थाना में कोई परिवाद दर्ज नहीं हुआ था।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गांव गाहडू में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है।

उन्होंने देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

21 अभ्यर्थियों ने भरे 25 नामांकन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज चुनाव के चतुर्थ चरण में शामिल जिले की 4 पंचायत समितियों में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 21 अभ्यर्थियों ने कुल 25 नामांकन पत्र दाखिल किए। जानकारी अनुसार हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति में 12 अभ्यर्थियों ने 13 नामांकन पत्र दाखिल किए। रावतसर पंचायत समिति में 2 अभ्यर्थियों ने 2 नामांकन, संगरिया 6 अभ्यर्थियों ने 9 नामांकन तथा टिब्बी पंचायत समिति में 1 अभ्यर्थी ने 1 नामांकन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार चारों पंचायत समितियों में पहले दिन कुल 21 अभ्यर्थियों ने 25 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय एकता दिवस उपलक्ष्य में जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पुलिस मुख्यालय राजस्थान, जयपुर के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिला पुलिस अधीक्षक श्री बी. आदित्य के निर्देशन में हनुमानगढ़ जिलेभर में विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, सीएलजी सदस्यों एवं आमजन को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव, नशामुक्ति एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्हें नशे से दूर रहने तथा नशे का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्तियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसके साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया गया।राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित एकता दिवस परेड की लाइव स्ट्रीमिंग भी जिले के विभिन्न स्थानों पर सीएलजी सदस्यों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं आमजन को दिखाई गई। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए सभी को जागरूक किया गया।

जनसेवा और सकारात्मकता का संदेश, समारोहपूर्वक मनाया स्थापना दिवस

ब्रह्माकुमारी संस्थान ने किया जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन

सीमा सन्देश # टिब्बी



कस्बे के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शनिवार को टिब्बी नगरपालिका मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों के सम्मान में एक गरिमापूर्ण समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर संस्थान का नौवां स्थापना दिवस भी केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, उपाध्यक्ष पूनम शेखावत, पार्षद एडवोकेट भंवर लाल गौड़, रावतसर केंद्र प्रभारी बीके निलिमा बहन, पीलीबंगा सेवा केंद्र से रानी बहन और नोहर सेवा केंद्र से रेखा बहन मंचासीन रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का तिलक लगाकर, माला व पगड़ी पहनाकर, कोटेशन लिखी फोटो और प्रसाद भेंट कर सम्मानित करने के साथ की गई।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पीलीबंगा से पधारी बीके रानी बहन ने नवनिर्वाचित पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में जीत के बाद चेहरे पर सच्ची खुशी और सभी नागरिकों के प्रति समानता का भाव रखना ही एक सच्चे जनप्रतिनिधि की पहचान है। उन्होंने जोर दिया कि जनप्रतिनिधि को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपने वार्ड की सभी कमियों को दूर करना चाहिए और हर नागरिक को संतुष्ट व प्रसन्न रखना चाहिए। साथ ही, चुनाव के दौरान प्रतिद्वंद्वी पार्टी का समर्थन करने वालों के प्रति भी सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर पार्षद प्रभु राम, सुशील गोदारा, संजय कुमार, अमरीक सिंह, विकास कुमार, पुनीत कल्याणी, रामप्रताप, मधु प्रकाश, मनीष अरोड़ा, सर्वजीत कौर, मंजू, छिद्र कौर, भोला सिंह बाजीगर, गजेंद्र सिंह, हरदीप सिंह बग्गा, प्रदीप सुथार और निशा, सुरजीत खिचड, कुलवंत सुथार, गोविंद कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पंचायत चुनाव के वार्ड सीमांकन में विसंगतियों पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायती राज चुनाव के तहत वार्डों के सीमांकन में सामने आई विसंगतियों को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपकर सीमांकन में हुई गड़बड़ियों की जांच करवाने और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डीसीसी के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र दादरी ने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए वार्डों के सीमांकन में कई तरह की विसंगतियां सामने आ रही हैं। अब तक डबली कुतुब, नगराना और दिनगढ़ ग्राम पंचायतों में ऐसी खामियां सामने आई हैं, जहां अलग-अलग वार्डों में मतदाताओं की संख्या में बड़ा अंतर है। उन्होंने बताया कि किसी वार्ड में 11 मतदाता हैं, तो किसी में 300, जबकि कुछ वार्डों में 50 से 54 मतदाता ही हैं।

दादरी ने कहा कि मतदाताओं की संख्या में इतना बड़ा अंतर गंभीर लापरवाही है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच करवाई जाए तथा पता लगाया जाए कि सीमांकन में किस स्तर पर और किस कर्मचारी की लापरवाही रही है। उन्होंने बताया कि कुछ ग्राम पंचायतों को भी दो अलग-अलग जोन में बांट दिया गया है। ग्राम पंचायत के कुछ गांवों को जोन संख्या तीन में रखा गया है, जबकि अन्य गांवों को जोन संख्या चार में शामिल कर दिया गया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस व्यवस्था पर भी आपत्ति जताते हुए इसकी जांच की मांग की। दादरी ने कहा कि मतदाताओं की संख्या में असामान्य अंतर और ग्राम पंचायतों के गांवों को अलग-अलग जोन में बांटने के मामलों की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

कोस्मो पब्लिक स्कूल में मिनी मैराथन का आयोजन



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

स्थानीय श्रीगंगानगर रोड गांव 8 ओ में स्थित स्कूल कोस्मो पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम में फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान के अंतर्गत मिनी मैराथन 2026 (द यूनिटी रन) का आयोजन किया गया। कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। यह दौड़ स्कूल की इस सोच को दर्शाती है कि बच्चों के विकास के लिए सेहतमंद शरीर भी उतना ही जरूरी है जितनी अच्छी पढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक सुखविंद्र सिंह सरां और प्रधानाचार्य आदित्य शर्मा ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय फिट इंडिया अभियान से जुड़कर कॉस्मो पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह संकल्प दोहराया कि वह अपने विद्यार्थियों को सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

श्रीविजयनगर में राष्ट्रीय एकता दिवस आयोजित



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी ने कार्यालय में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। एसडीएम पुरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र की एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में पंचायत समिति विकास अधिकारी हेम सिंह, सीबीईओ जगदीश सोलंकी, गिरदावर बिहारीलाल, एएओ प्रवीण बिश्नोई, वरिष्ठ सहायक विजय सिंह, कनिष्ठ सहायक उमेश कुमार सहित राजस्व विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजो देवी भाकर का निधन, जताया शोक



सादुलशहर। सादुलशहर के भाकर परिवार शिक्षाविद महेंद्र भाकर, सुरेंद्र भाकर, जेईएन नरेंद्र भाकर की माता राजो देवी (95) पत्नी स्व. त्रिलोकाराम भाकर के निधन स्वरूप शनिवार सुबह 11 बजे श्रीराम कल्याण भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। निधन पर डॉ. बीबी गुप्ता, प्रदीप खीचड, डॉ. बृजमोहन सहारण, राजेंद्र खीचड, अशोक धमीजा, रामावतार यादव,संजीव खीचड, श्याम कुमार शर्मा, साहबराम कटारिया, रणजीत सहारण, धर्म सिंह सहारण, बृजमोहन बजाज, बृजमोहन गोयल, देवेंद्र बजाज, गुरदयाल खैरवा सहित सीमा सन्देश प्रतिनिधि रवि गोयल ने शोक व्यक्त किया है।

कॉलेज की छात्राओं का दमदार प्रदर्शन



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान 22वीं अंतर महाविद्यालय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी कॉलेज, श्रीगंगानगर में किया गया। प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। खेल सचिव जन्नत बिश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 3 रजत एवं 4 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में यशोदा ने 48 किलोग्राम, रचना ने 52 किलोग्राम, सोनू ने 56 किलोग्राम, सेजल 75 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं किरण ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। सीमा, कल्पना तथा आस्था ने रजत पदक जीते। प्राचार्य डॉ एस.एन. शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

त्योहार की मिठास में घुला बीकानेर का स्वाद, 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार से जुड़ा उद्योग

दीपोत्सव पर बीकानेरी भुजिया और रसगुल्ले की बढ़ी चमक

सीमा सन्देश # बीकानेर





दीपावली का त्योहार हो और बीकानेरी भुजिया व रसगुल्लों की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं है। अपने खास स्वाद के लिए देश-दुनिया में पहचान बना चुके बीकानेरी भुजिया और रसगुल्ले इस बार भी मिठाई-नमकीन बाजार की रौनक बढ़ा रहे हैं। पारंपरिक मिठाई कारोबार से लेकर आकर्षक गिफ्ट पैकिंग तक, बीकानेरी स्वाद की मांग लगातार बनी हुई है। दीपावली पर मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों को मिठाई-नमकीन भेंट करने की परंपरा ने इन उत्पादों को खास पहचान दी है।

बीकानेर की पहचान से जुड़ा कारोबार: बीकानेर की पहचान केवल पर्यटन और ऐतिहासिक विरासत तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां का भुजिया और रसगुल्ला उद्योग भी शहर की आर्थिक और सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा है। स्थानीय स्तर पर विकसित यह कारोबार देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच बना चुका है। दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर मिठाई और नमकीन की मांग बढ़ने से कारोबारियों, दुकानदारों और पैकेजिंग उद्योग को भी विशेष लाभ मिलता है।

गिफ्ट पैकिंग ने बदला बाजार का स्वरूप: समय के साथ दीपावली पर मिठाई और नमकीन देने का तरीका भी बदल गया है। अब आकर्षक डिब्बों और तैयार गिफ्ट पैक में भुजिया, रसगुल्ले और अन्य मिठाइयां देने का चलन बढ़ा है। कॉरपोरेट क्षेत्र में भी कर्मचारियों, ग्राहकों और व्यावसायिक सहयोगियों को दीपावली पर मिठाई-नमकीन के पैकेट दिए जाते हैं। ऐसे में बीकानेरी उत्पाद पारंपरिक उपहार के साथ आधुनिक बाजार का हिस्सा बन गए हैं।

पीढ़ियों से चली आ रही कारोबारी परंपरा : करीब 115 वर्षों से मिठाई और नमकीन कारोबार से जुड़ी फर्म की चौथी पीढ़ी के रसगुल्ला कारोबारी ऋषिमोहन जोशी बताते हैं कि दीपावली मिठाई-नमकीन कारोबार के लिए सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है। उनके अनुसार बीकानेर की पहचान भुजिया और रसगुल्ला आधारित उद्योग से जुड़ी हुई है और त्योहार के दौरान इनकी मांग विशेष रूप से बढ़ जाती है। वहीं, करीब 62 वर्षों से भुजिया कारोबार से जुड़ी फर्म की चौथी पीढ़ी के कारोबारी प्रवीण अग्रवाल का कहना है कि बीकानेरी नमकीन का स्वाद अपनी अलग पहचान रखता है। यही वजह है कि इसकी मांग देश के साथ विदेशों में भी बनी हुई है। उनके अनुसार भुजिया केवल खाद्य उत्पाद नहीं, बल्कि बीकानेर की पहचान और वर्षों के कारोबारी अनुभव का प्रतीक है।

बीकानेर के नाम से ही बिकता है स्वाद : बीकानेरी भुजिया और रसगुल्ला किसी एक ब्रांड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनकी पहचान बीकानेर के नाम से ही है। देश के कई शहरों में बीकानेर नमकीन के नाम से आउटलेट संचालित हो रहे हैं। संगठित उद्योग का स्वरूप नहीं होने के बावजूद यह कारोबार बीकानेर में लाखों लोगों की आजीविका का आधार बना हुआ है। वर्तमान में भुजिया और रसगुल्ला कारोबार का सालाना टर्नओवर करीब 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक बताया जाता है। दीपावली पर मिठाई और नमकीन के आदान-प्रदान की परंपरा बीकानेरी स्वाद को नए बाजारों तक पहुंचाने का माध्यम बन रही है।

ट्रामाडोल गोलियों के साथ पकड़े गये युवक को 10 साल की सजा

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। मार्च 2020 में मुकलावा पुलिस थाना क्षेत्र में 980 ट्रामाडोल गोलियों के साथ गिरफ्तार किए गए दिनेश कुमार को अदालत ने दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, 19 मार्च 2020 को झोटांवाली बस स्टैंड के पास नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने बाइक सवार दिनेश कुमार (31) पुत्र रामेश्वर लाल निवासी ढाणी चक 1 आरएम (सूरतगढ़) को रोककर तलाशी ली थी, उसके पास मौजूद बैग से 100 एमजी की 980 ट्रामाडोल गोलियां बरामद हुई थीं। वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था और बाइक जब्त कर ली थी। प्रकरण में सुनवाई पूरी करते हुए न्यायालय ने आरोपी दिनेश कुमार को एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत दोषी पाया। अदालत ने उसे 10 साल की सख्त सजा के साथ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अर्थदण्ड जमा न कराने पर 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया है।

राजियासर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

दो किसानों पर पानी चोरी का आरोप

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

इंदिरा गांधी नहर परियोजना की सुरजनसर माइनर का हेड रेगुलेटर कथित रूप से अवैध तरीके से खोलकर पानी चोरी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट पर राजियासर पुलिस ने दो किसानों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। भोपालपुरा स्थित रेगुलेशन उपखंड के सहायक अभियंता अशोक कुमार माली ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 19 अक्टूबर की रात सुरजनसर माइनर के आरडी 379.000 आर/एस से पानी चोरी की सूचना मिली थी। इस पर कनिष्ठ अभियंता व संवेदक ने पहुंचकर देखा कि रात करीब साढ़े 10 बजे माइनर चालू हालत में मिली। विभागीय कर्मचारियों ने स्थिति के जीपीएस फोटो भी लिए। इसके बाद अवैध रूप से पानी लेने वाले काश्तकारों की पहचान के लिए जल संसाधन खंड श्रीविजयनगर से आवपाशी रिपोर्ट मांगी गई। अधिशासी अभियंता की ओर से 28 अक्टूबर को भेजी गई रिपोर्ट में कालूराम व उसके भाई भागीरथ निवासी पन्ना नं. 23/13 के नाम सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार दोनों किसानों के खेतों के खसरा नं. 5, 7 व 14 में अवैध रूप से पानी लगाने का उल्लेख किया गया है। सहायक अभियंता ने दोनों के खिलाफ ड्रेनेज एक्ट के तहत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर धारा 326 (ए) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक जयपाल सिंह को सौंपी है।

नशामुक्त समाज और बच्चों को संस्कारवान बनाने का संदेश

दुर्गा वाहिनी ने निकाला शौर्य संचलन



सीमा सन्देश# खाजूवाला। विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति के तत्वावधान में शनिवार को खाजूवाला में शौर्य संचलन का आयोजन किया गया। संचलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अनुशासित रूप से निकला संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। कार्यक्रम में मातृशक्ति प्रांत सह संयोजिका बबिता बेनीवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना सबसे बड़ी आवश्यकता है। नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार, समाज और राष्ट्र को भी कमजोर करता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त रहकर संस्कारयुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया। दुर्गा वाहिनी प्रांत बाल संस्कार प्रमुख कविता सांखला ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के संस्कार देने चाहिए। बाल्यकाल में मिले संस्कार ही जीवनभर व्यक्ति का मार्गदर्शन करते हैं। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री ने बहनों को प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से आत्मबल, अनुशासन और आत्मरक्षा की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद खाजूवाला जिला अध्यक्ष फूलदास स्वामी, जिला मंत्री राजकुमार ठोलिया, कोषाध्यक्ष श्यामलाल जांगिड़, जिला बजरंग दल सह संयोजक रामावतार, मातृशक्ति से मोना सोनी, सावित्री देवी वर्मा, रजनी देवी, अरुणा गुलगुलिया, विमला बिश्नोई, विद्यारानी भार्गव सहित अनेक कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

पुलिस-बीएसएफ ने आमजन के साथ सुरक्षा पर किया मंथन



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। पुलिस थाने में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना प्रभारी अमन घनघस, सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, सीएलजी सदस्य एवं कस्बे के प्रतिष्ठित नागरिक शामिल हुए। बैठक में थाना प्रभारी अमन घनघस ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और क्षेत्र की सुरक्षा में आम नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से नशे की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। वहीं सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर अपने विचार साझा किए। एएसआई गुल्ला राम, एचएम ईश्वर सिंह, विकास मांझू सहित पूर्व पार्षद ओपी टेलर, स्वर्ण सिंह रामगढ़िया, पार्षद कपिल वधवा, भीम आर्मी उपाध्यक्ष जगदीश नायक, राजविंद्र ग्रेवाल, पूर्व चेयरमेन डॉ. भूपेंद्र प्रकाश शर्मा, दिशू कालड़ा एवं पार्षद भगवाना राम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

17 वर्षीय स्वास्तिक की शॉर्ट फिल्म 'मेरी श्रेया' की लॉन्चिंग आज



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के 17 वर्षीय स्वास्तिक ने मात्र छह माह की मेहनत से 35 मिनट की शॉर्ट फिल्म ह्यमेरी श्रेयाह्न तैयार की है, जिसकी लॉन्चिंग रविवार को उनके यूट्यूब चैनल पर होगी। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल से फिल्म प्रोडक्शन का कोर्स कर रहे स्वास्तिक (पुत्र नरेंद्र उपाध्याय और पूर्व पालिकाध्यक्ष विद्यादेवी व पूर्व पार्षद मुरलीधर उपाध्याय के सुपौत्र) ने यह फिल्म भोपाल में शूट की है। इसकी कहानी बचपन की दोस्ती और प्रेम भावनाओं पर आधारित है। भाटिया आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में स्वास्तिक ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य सूरतगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसके लिए शिक्षाविद् प्रवीण भाटिया के साथ मिलकर स्क्रिप्ट तैयार कर ली गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच देना और फिल्म जगत में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। शिक्षाविद् प्रवीण भाटिया ने कहा कि सूरतगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुरलीधर उपाध्याय व राजेंद्र उपाध्याय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

आइकॉनिक पब्लिक स्कूल में अभिभावकों को दिए परवरिश के टिप्स

श्रीविजयनगर में पहली बार पैरेंटिंग कम्पास सेमिनार

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर



आइकॉनिक पब्लिक स्कूल (रायसन ग्रुप) की ओर से शनिवार को विद्यालय परिसर में पहली बार 'रायसन पैरेंटिंग कम्पास' सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। सेमिनार में विशेषज्ञों ने बच्चों की बेहतर परवरिश, व्यक्तित्व विकास और बदलते दौर में उनकी जरूरतों को समझने के गुर बताए। कार्यक्रम में एमडीए ग्रुप के सीनियर एकेडमिक कंसल्टेंट लव वशिष्ठ और एकेडमिक कंसल्टेंट दीपिका शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित किया। रायसन ग्रुप के एकेडमिक हेड अमित सागर ने विद्यालय और परिवार के साझा प्रयासों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्टीम लैब और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की तकनीकी प्रतिभा और नवाचार को सराहा। सेमिनार में बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करने, उनकी क्षमताओं को पहचानने और घर में सकारात्मक माहौल बनाने पर भी चर्चा हुई। प्रधानाचार्या इंदु चौधरी ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

न्यूज इन ब्रीफ

पंचायत समिति सदस्य चुनाव नामांकन शुरू

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। अनूपगढ़ पंचायत समिति के 21 जोन में सदस्य पद के चुनाव के लिए शनिवार से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई। लोक अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू हुआ। पहले दिन दो नामांकन पत्र प्राप्त हुए। जोन नंबर चार से प्रत्याशी हजारीलाल ने कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दो नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी कौशल्या बिश्नोई के समक्ष प्रस्तुत किए। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 नवंबर निर्धारित की गई है। 6 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। इसी दिन नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न आवंटित कर अंतिम प्रत्याशी सूची जारी की जाएगी। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 14 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा, जबकि मतगणना 20 नवंबर को होगी।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन



30 एमएल। सिमरनदीप गिल के जन्मदिन पर दादा-दादी हाकम सिंह -जसवीर कौर, पापा-मम्मी हरजिन्द्र सिंह-हरमनदीप कौर, चाचा-चाची हरप्रीत सिंह-कमलप्रीत कौर, ताया-तायी कश्मीर सिंह-अमनदीप कौर, चाचा रामसिंह, भाई युवराज सिंह एवं रिश्तेदारों की बधाई।

पुत्ररत्न प्राप्ति



सूरतगढ़। गांव जानकीदासवाला निवासी तनसुखराम टाक-बिमला के पुत्र प्रेम टाक की पत्नी वर्षा टाक ने पुत्र को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस मौके पर मनोज-भावना, सुमन टाक-पवन, बृजलाल-कृष्णा व उनकी पत्नी, व मुजफ्फर अली के परिवार की ओर से बधाई।

शोक सन्देश



आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय

स.पालसिंह बुटर

का आकस्मिक निधन 26 अक्टूबर को हो गया। उनकी आत्मिक शांति हेतु **पाठ का भोग** दिनांक 3 नवम्बर 2026 को हमारे निवास स्थान **19 ए (ए) अनूपगढ़** में होगा।

शोकाकुल परिवार : कुलविन्द्र कौर (धर्मपत्नी), मलकीत सिंह-सिमरजीत कौर (पुत्र-पुत्रवधु), मंजीत कौर-जगदीश सिंह (बेटी-दामाद), इकबाल सिंह, बलदेव सिंह, विजय सिंह (भाई) एवं समस्त बुटर परिवार चक 19 ए (ए), अनूपगढ़ (राजस्थान)।
मो. 8058560119,9982595998

प्रदर्शनी | विद्यार्थियों ने विज्ञान के मॉडलों से दिखाई प्रतिभा

श्रीराम स्कूल में साइंस एंड फन फेयर आयोजित

सीमा सन्देश # घड़साना। नई मंडी घड़साना स्थित श्रीराम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं श्रीराम कॉन्वेंट एकेडमी में शनिवार को एक भव्य ह्यसाइंस एंड फन फेयरह्न का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, तकनीक, कृषि, सामाजिक जागरूकता और चित्रकला से जुड़े सैंकड़ों आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण आधुनिक कृषि तकनीकें, मानव शरीर की संरचना, प्रदूषण की समस्या, ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न, ग्रह चक्र और वाटर प्यूरीफायर पर आधारित मॉडल रहे। इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और समसामयिक विषयों की गहरी समझ का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। संस्था के डायरेक्टर परविंदर सिंह ने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार व खेल भावना को विकसित करना है। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति डूंगर मेघवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके अलावा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य अतिथियों में वाइस चेयरमैन कैलाश वर्मा, सीबीईओ शक्ति चंद बंसल, देव धुंधाड़ा, जगदीश फुटेला, गोपाल वर्मा, संजय लीलावत, संजीव मिश्रा और अभिषेक शर्मा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर विद्यार्थियों की भरपूर सराहना की। आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागी विजेताओं को सम्मानित किया गया।



कार्य स्थगन समाप्त कर अधिवक्ता पक्षकारों के साथ न्यायालय पहुंचे

सीमा सन्देश # सादुलशहर। एसडीएम कार्यालय के समक्ष बार संघ द्वारा दिया जा रहा धरना समाप्त होने के उपरांत अधिवक्ताओं द्वारा उपखंड न्यायालय का बहिष्कार खत्म कर दिया गया है। बार संघ के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र मोदी, एडवोकेट अमनदीप सिंह बराड ने संयुक्त रूप से बताया कि अधिवक्ताओं ने शनिवार को पूर्व की भांति उपखंड न्यायालय में कार्य शुरू कर दिया। इससे पक्षकारों को भी राहत मिली है। गौरतलब है कि 13 अक्टूबर से चल रहा सांकेतिक धरना विधायक गुरवीर सिंह बराड के पिता स. बलदेव सिंह बराड की मध्यस्थता से दोनों पक्षों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता सफल रही थी। इसमें तहसीलदार नितिन पुरोहित ने भी अहम भूमिका निभाई।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I hitherto known as AKSHY Son of DURGESH residing at GHAMURWALI TEHSIL PADAMPUR DISST. SRI GANGANAGAR RAJASTHAN INDIA have changed my name and shall hereafter be known as AKSHAY. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

■ मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में उसका नाम प्रणव बिश्नोई सहवन से दर्ज हो गया। जबकि उसका सही व सत्य नाम पुनीत कुमार है। कृपया त्रूटि सुधार करें। - मनीष कुमार पुत्र मनीराम जाति बिश्नोई निवासी वार्ड नं. 8 थिराजवाला, तहसील पीलीबंगा व जिला हनुमानगढ़

Teacher Hiring

■ **RYSEN Group of Schools- Pilibanga, Sri Vijaynagar , Shri Ganganagar**
Requires all subject teachers
Coordinator, PGT, TGT, PRT, Pre-Primary Teachers, Activity Teachers (arts and craft) Female PTI & Administrative Staff. Attractive Salary | Immediate Joining | Experienced & Freshers Can Apply Mob.9216075291
E- mail- principal.svnr@rysen.group

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

छोटा विज्ञापन- बड़ा लाभ

रविवारीय
पीढ़ियों को जोड़ता, हर घर का संदेश।
परिवार

दिवाली भारतीय संस्कृति का वह पावन पर्व है, जो अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। दीयों की कतारें, रंगोली के चटक रंग और अपनों संग मिठाइयों की मिठास घर-आंगन को नई ऊर्जा से भर देती है। इस पावन उत्सव का असली आनंद तब और बढ़ जाता है, जब हम खुशियों के साथ-साथ परिवार और समाज की सुरक्षा व सेहत का भी पूरा ख्याल रखते हैं। थोड़ी सी जागरूकता हमारे त्योहार को पूरी तरह सुरक्षित और मंगलमय बना सकती है।

दिवाली आते ही घरों में साफ-सफाई और रंग-रोगन के साथ सजावट की तैयारियां जोरों पर शुरू हो जाती हैं। बाजार में हर साल नई और आधुनिक फेयरी व एलईडी लाइट्स की भरमार रहती है, लेकिन हर बार डेकोरेशन पर अतिरिक्त बजट खर्च करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। थोड़ी सी समझदारी और क्रिएटिविटी अपनाकर पिछले साल की पुरानी झालरों को ही नया व आकर्षक रूप दे सकते हैं। इससे आपका घर भी रोशनी से जगमगाएगा और फिजूलखर्ची भी रुकेगी।

रोशनी, उमंग और खुशियों का पर्व: थोड़ी सी समझदारी से बनाएं दिवाली यादगार



शुद्धता से सेहत की मिठास

त्योहार की शुरुआत मुंह मीठा कराने से होती है। मिठाइयां और मावा हमेशा विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदें। शुद्धता परखने के लिए खोये को हथेली पर हल्का रगड़ें; स्वाभाविक चिकनाहट और खुशबू असली मावे की पहचान है। स्टार्च या मिलावट जांचने के लिए मिठाई पर टिंचर आयोडीन की दो बूंदें डालकर परख सकते हैं। सतर्क रहकर हम अपनों को सेहतमंद स्वाद दे सकते हैं।

सुरक्षित आतिशबाजी

रोशनी और पटाखों का उल्लास बच्चों के चेहरों पर चमक ले आता है। भारी आवाज वाले बमों के स्थान पर रोशनी बिखेरने वाली फुलझड़ियों और प्रमाणित ग्रीन क्रैकर्स को प्राथमिकता दें। आतिशबाजी हमेशा खुले मैदान में और बड़ों की निगरानी में ही करें। चिंगारी से आंखों की हिफाजत के लिए चश्मा पहनें और पास में पानी की बाल्टी व फर्स्ट-एड किट जरूर रखें।

परंपरा, प्रकृति का सम्मान

इस पर्व को प्रकृति के अनुकूल बनाएं। केमिकल रंगों की जगह फूलों और प्राकृतिक चूर्ण से रंगोली सजाएं। स्थानीय कुम्हारों के हाथों बने मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता देकर 'वोकल फॉर लोकल' का संकल्प निभाएं। इससे हमारे पारंपरिक कारीगरों के घरों में भी खुशहाली का दीया जलेगा। प्लास्टिक की जगह कपड़े या जूट की थैलियों में उपहार भेंट कर पर्यावरण को भी स्वच्छ रखें।

पुरानी झालरों को दें नया अंदाज: कम खर्च में इस दिवाली यूं चमकेगा आपका आशियाना

पुरानी झालरों, फेयरी लाइट्स को नया व बेहद लुक दिया जा सकता है। पुरानी लाइट्स के स्मार्ट और सुरक्षित रीयूज के बेहतरीन तरीके:

बॉटल और जार लैंप: घर में रखी खाली कांच की पारदर्शी बोतलों या जार को अच्छी तरह साफ कर उनमें पुरानी फेयरी लाइट्स भर दें। यह कोना लैंप डाइनिंग या सेंटर टेबल की खूबसूरती तुरंत बढ़ा देगा।

फोटो वॉल और सेल्फी कॉर्नर: दीवार पर परिवार की यादगार तस्वीरों को क्रम में लगाएं और उनके चारों ओर झालर लपेट दें। किसी खाली दीवार पर सुंदर दुपट्टे व फूलों के साथ लाइट्स सजाकर बजट-फ्रेंडली सेल्फी बैकग्राउंड तैयार किया जा सकता है।

पूजा घर और दर्पण की सज्जा: मंदिर के बाहरी किनारों और ड्रेसिंग मिरर के बॉर्डर पर बारीक फेयरी लाइट्स लगाएं। इससे पूरा स्थान जगमगा उठेगा। ध्यान रखें कि लाइट्स दीये और अगरबत्ती की लौ से सुरक्षित दूरी पर हों।

बालकनी और सीढ़ियों का कायाकल्प: बालकनी की रेलिंग, खिड़कियों और सीढ़ियों की साइड वॉल पर पुरानी एलईडी झालरें लगाएं। गमलों के चारों ओर छोटी लाइट्स लपेटकर ग्रीनरी को फेस्टिव टच दें।



पुरानी लाइट्स इस्तेमाल करने से पहले उनके तारों को अच्छी तरह जांच लें। कटे-फटे तारों पर इंसुलेशन टेप लगाएं और सीढ़ियों या फर्श पर तार खुले न छोड़ें, ताकि आने-जाने में कोई उलझन न हो। यह किफायती तरीका आपके घर को रोशनी से महका देगा।

दिवाली पर देना चाहते हैं कुछ हटकर तो खरीद लीजिए ये चीजें, गिफ्ट पाकर फूले नहीं समाएंगे दोस्त

दिवाली को सभी पूरे दिल से मनाते हैं. इस दिन ना सिर्फ अपने घर-परिवार बल्कि दोस्तों और परिचितों के साथ भी खूब सेलिब्रेट किया जाता है. इस दिन सभी को उपहार भी दिए जाते हैं जो ना सिर्फ खुशियां बांटने का एक तरीका है बल्कि प्यार जताने के लिए भी किया जाता है. लेकिन, हर साल दिवाली पर वही पुराने घिसे-पिटे गिफ्ट्स क्यों देना जबकि आप बेहद खूबसूरत और हटकर गिफ्ट्स भी दे सकते हैं. इन गिफ्ट्स को पाने वालों के चेहरों पर रौनक आ जाएगी.

लड्डू वाली मोमबत्ती

अगर आप इंस्टाग्राम चलाते हैं तो आपने हालिया दिनों में लड्डू वाली मोमबत्ती जरूरत इस्तेमाल की होगी. लड्डू वाली मोमबत्ती मोतीचूर के लड्डू जैसी नजर आती है और देखने में असली लड्डुओं जैसी ही दिखती है.

हाथों से बने क्राफ्ट

खुद के ना सही लेकिन बाजार से आप हाथों से बने क्राफ्ट्स खरीद सकते हैं. इन क्राफ्ट्स में आप कुछ भी खरीद सकते हैं. हैंडमेड मोमबत्ती, पेपर बैग्स, होम डेकोरेशन या कुछ और इको फ्रेंडली दिया जा सकता है.

पर्सनलाइज्ड गिफ्ट बास्केट

आप एक बास्केट खरीद सकते हैं जिसमें पर्सनलाइज्ड सामान पैक किया जा सकता है. आप अपने दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को जो गिफ्ट दे रहे हैं उसमें उनकी पसंद की चीजें डाल सकते हैं.

फोटो कैलेंडर

दिवाली आने तक साल लगभग बीतने ही वाला होता है इसीलिए अगले साल का कैलेंडर गिफ्ट में देने का यह अच्छा समय है. आप चाहे तो फोटो वाले कैलेंडर गिफ्ट में दे सकते हैं. आप अपने दोस्तों की तस्वीरों से कैलेंडर बना सकते हैं.

नाम वाला नैकलेस

लड़कियों को यह गिफ्ट दिया जा सकता है. ये नाम वाले नैकलस कहीं से भी आसानी से मिल जाते हैं. खासकर इंस्टाग्राम पर नाम वाले नैकलेस कई पेजेस पर मिलते हैं या आनलाइस किसी साइट से इन्हें बनवाया जा सकता है. ये नॉर्मल नैकलेस होते हैं जिनमें पेंडेंट की जगह पर नाम लिखा हुआ होता है.



ट्राई करें वायरल ट्रेडिशनल ऐपन रंगोली डिजाइन, सीख लें तरीका



दिवाली या फिर किसी भी शुभ मौके पर चौक पूरने या रंगोली बनाने का ट्रेडिशन काफी पुराना है। पुराने समय में यूपी और उत्तराखंड में इसे ऐपन या ऐपण बोलते थे। जो एक बार फिर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर इंफ्लूएंसर इस ट्रेडिशनल ऐपण से रंगोली डिजाइन बना रहे हैं। जो ईको फ्रेंडली दिवाली का बेस्ट एक्जाम्पल है। मार्केट में मिलने वाले रंगोली के कलर सिंथेटिक रंगों से तैयार होते हैं। और जरा सा पैर लगने पर बिगड़ जाते हैं। खासतौर पर जिनके घर में जगह कम है या फिर छोटे बच्चे हैं। उन्हें रंगोली बनाने में दिक्कत होती है। वहीं ये रंगोली ज्यादा दिनों तक नहीं टिकी रहती। जबकि ट्रेडिशनल ऐपण से बनी रंगोली काफी टाइम तक रहती है। जब तक आप इसे पानी से साफ नहीं कर देते। ऐसे में ये ट्रेडिशनल ऐपन बनाना स्मार्ट च्वॉइस हो सकती है।

कैसे बनाएं ट्रेडिशनल रंगोली या ऐपन

ऐपन बनाने के लिए दो रंगो का इस्तेमाल किया जाता है। पहला सफेद और दूसरा गेरुआ। सफेद रंग बनाने के लिए चावल का इस्तेमाल किया जाता है। चावल को भिगोकर आधे घंटे के लिए छोड़ देते हैं। फिर इसे पीसकर पेस्ट बना लेते हैं। इस पेस्ट को ही ऐपण बोलते हैं। जिससे डिजाइन बनाई जाती है। लाल रंग बनाने के लिए गेरु मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। ये लाल रंग की मिट्टी होती है। जिसको पानी में घोल कर रंग तैयार करते हैं। इस गेरु के घोल से ही पुराने समय में घर,जमीन रंगे जाते थे। साथ ही इसका इस्तेमाल रंगोली बनाने में भी किया जाता है।

घर के आंगन में बड़े आकार में अल्पना की डिजाइन

इन दो रंगों की मदद से घर के चौखट पर और आंगन में बड़े आकार में अल्पना की डिजाइन बनाई जाती है। साथ ही दीवार के किनारों पर चावल के घोल यानी सफेद रंग को गिराकर डिजाइन तैयार करते हैं। इस साल ट्रेडिशनल ऐपण वायरल हो रहा है। तो क्यों ना आप भी इकोफ्रेंडली दिवाली मनाने के लिए इन ट्रेडिशनल रंगोली के रंगों का इस्तेमाल करें।

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

पप्पू जी मॉक संसद में प्रधानमंत्री बनकर फोटो खिंचवाने से देश की बागडोर नहीं मिलती। आखिर कब तक राजनीति को बचपन का गुड्डे गुड़िया खेल समझते रहेंगे।
– सुमित कालड़ा

न्यूज इन ब्रीफ

आवारा कुत्तों ने किशोर की जान ली

सहारनपुर। गांव बेल्डा चुनारदार में आवारा कुत्तों ने 11 साल के बालक प्रियांसू पुत्र रविंद्र की जान ले ली। उसका शव शनिवार सुबह घर से थोड़ी दूर खेत में पड़ा मिला। उसके शरीर पर जगह-जगह कुत्तों के द्वारा नोचने के निशान थे। दो दिन पहले भी कुत्तों ने आरव और सोनू नामक दो बच्चों को हमला करके घायल कर दिया था।

कार खाई में गिरी, पांच की मौत

रोहड़ू। शिमला जिले के नावर क्षेत्र के दरोटी संपर्क सड़क पर हुए दर्दनाक हादसे में मां-बेटे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे हुआ है। मृतकों में दरोटी निवासी मां-बेटे के अलावा तीन नेपाली नागरिक शामिल हैं। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शिमला रेफर किया गया है।

स्विमिंग पूल में करंट, दो विदेशियों की मौत

बेंगलुरु। एक फाइव स्टार होटल के स्विमिंग पूल में कथित करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। मृतकों में जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा का एक क्रू मेंबर और आईबीएम का प्रोजेक्ट मैनेजर शामिल हैं। उन्हें बचाने पहुंचे एक अमेरिकी नागरिक और होटल कर्मचारी घायल हो गए, जिनकी हालत खतरे से बाहर है।

विदिशा; दम्पती से 69 लाख की ठगी

विदिशा। साइबर ठगों ने खुद को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) अधिकारी बताकर रिटायर्ड बिजलीकर्मी से 69 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर मोबाइल पर फर्जी अदालत की सुनवाई का नाटक किया। वीडियो कॉल के जरिए निगरानी रखते हुए दंपती को 25 दिन तक घर से बाहर नहीं निकलने दिया। बैंक ट्रांजेक्शन होल्ड होने पर मामला खुला। पुलिस ने केस दर्ज कर कई बैंक खातों को होल्ड कराया है और आरोपियों की तलाश में टीमें गठित की हैं।

आजम को ईडी ने हिरासत में लिया

रामपुर। सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की रिहाई के दौरान शनिवार को रामपुर जेल के बाहर अचानक घटनाक्रम बदल गया। दो पैनकार्ड मामले में जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए आजम खां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम अपने साथ ले गई। वहीं, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम रिहा होकर अपने घर के लिए रवाना हो गए। आजम खां को ईडी की टीम के साथ जाते देख समर्थकों में नाराजगी फैल गई। समर्थकों ने ईडी की कार्रवाई के विरोध में नारेबाजी की।

20 क्विंटल संदिग्ध मावा पकड़ा

कोटा। दिवाली पर खपाने के लिए कोटा में लाया गया 20 क्विंटल संदिग्ध मिल्क केक किशोरपुरा थाना इलाके की सिंधी कॉलोनी में शनिवार को पकड़ा गया।

उमर और निधि राजदान ने की शादी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पत्रकार निधि राजदान ने शादी की घोषणा की है। दोनों ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए नई जिंदगी की शुरूआत की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि समारोह श्रीनगर के हरि निवास पैलेस में करीबी लोगों की मौजूदगी में हुआ। इससे पहले उमर अब्दुल्ला का पायल नाथ से तलाक हो चुका है। शादी को विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत कराया गया है।

किसानों ने मांगा मुआवजा, 30 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक का रेगूलेशन, सिंचाई विभाग ने जेसीबी से कटाव दुरुस्त कर दोबारा छोड़ा पानी

पानी छोड़ते ही टूटी मलवाणी माइनर; दस बीघा खेत जलमग्न, किसानों ने की पुनर्निर्माण की मांग

चारणवासी #सीमा सन्देश न्यूज।

फेफाना हेड से पानी छोड़े जाने के कुछ घंटे बाद ही मलवाणी माइनर में कटाव आ गया। इससे करीब दस बीघा खेत जलमग्न हो गए। सूचना मिलने पर जल संसाधन विभाग ने तत्काल पानी की आपूर्ति बंद करवाई। अगले दिन विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से कटाव को दुरुस्त करवाया। शनिवार शाम तक मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद माइनर में दोबारा पानी छोड़ा गया। जानकारी के अनुसार, नहरबंदी के बाद 30 अक्टूबर को पानी आया था। 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक के रेगुलेशन के तहत प्रथम वरीयता में खिनानियां वितरिका तथा मलवाणी-जनानियां माइनर को चलाया जाना था। इसी क्रम में फेफाना हेड से शाम 6 बजे पानी छोड़ा गया, जो रात करीब 10 बजे आरडी 20 के आसपास पहुंचा। पानी पहुंचते ही माइनर की दक्षिण दिशा में अचानक कटाव आ गया और पानी खेतों में फैल गया। इससे करीब दस बीघा खेत जलमग्न हो गए।अगले दिन जल संसाधन विभाग के जेईएन किशोर कुमार और नहरी अध्यक्ष राजपाल बाबल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी की सहायता से कटाव को पाटने का कार्य शुरू करवाया। शनिवार शाम तक मरम्मत पूरी कर ली गई। सुरक्षा की दृष्टि से क्षतिग्रस्त स्थान पर प्लास्टिक का तिरपाल भी लगाया गया, जिसके बाद फेफाना हेड से फिर पानी छोड़ा गया।



खतरा; जगह-जगह से जर्जर हो चुकी है माइनर

क्षेत्र के किसानों ने माइनर के बार-बार टूटने पर रोष जताते हुए कहा कि इसके निर्माण को लंबा समय बीत चुका है। इसके चलते माइनर जगह-जगह से जर्जर हो चुकी है। किसानों के अनुसार, पिछले साल भी इसी माइनर में एक ही स्थान पर दो बार टूटने की घटनाएं हुई थीं। बार-बार कटाव आने से किसानों को फसल और भूमि के नुकसान का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विभाग से पैच रिपेयर के बजाय माइनर का पूर्ण पुनर्निर्माण करवाने की मांग की है।

15 नवंबर तक जारी किया नहरों का रेगुलेशन

रेगुलेशन के अनुसार, 30 अक्टूबर से 7 नवंबर तक खिनानियां वितरिका, जनानियां माइनर और मलवाणी माइनर को प्रथम वरीयता में रखा गया है, जबकि जसाना वितरिका द्वितीय वरीयता में रहेगी। 7 से 15 नवंबर तक एनएचआर नहर, देईदास माइनर, किंकराली माइनर और बिरकाली माइनर प्रथम वरीयता में रहेंगी। वहीं कर्मशाना माइनर, ढण्ढेला माइनर और भगवान माइनर को द्वितीय वरीयता में रखा गया है। द्वितीय वरीयता की नहरें चक्रीय क्रम में चलाई जाएंगी। रेगुलेशन में स्पष्ट है कि पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

घरेलू बाजार में कपास की उपलब्धता बढ़ाने और उत्पादन लागत घटाने के लिए सरकार का फैसला

कपास का उत्पादन कम, लेकिन भाव एमएसपी से अधिक, आयात शुल्क पर छूट 31 दिसम्बर तक बढ़ी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

नई धानमंडी में इन दिनों कपास की आवक दो हजार क्विंटल के लगभग हो रही है। वर्तमान में कपास एमएसपी से अधिक विक्रय हो रही है। इस बार समय पर बारिश ना होने के कारण जिले में उत्पादन पिछले वर्ष से कम है, लेकिन भाव अधिक मिलने से किसानों में खुशी है। किसानों का कहना है कि इस बार मानसून ने दगा दे दिया। कम बारिश की वजह से सरसों की बुवाई भी देरी से हो रही है। अभी तक जिले में दो लाख 5 हजार हैक्टैयर में सरसों की बुवाई की जा चुकी है। दूसरी ओर नहरों में पानी के उतार -चढ़ाव से किसानों की दो- दो बारियां सूखी जा रही है। अब नवम्बर में गेहूं की बुवाई भी किसानों ने करनी है,लेकिन गंगनहर में 1400 क्यूसेक पानी से बुवाई बुरी तरह से प्रभावित होगी, वहीं इसकी पकाई पर भी संशय के बादल है।

उधर, केंद्र सरकार ने देश के कपड़ा उद्योग को राहत देते हुए कपास आयात पर मिलने वाली कस्टम ड्यूटी छूट को दो महीने के लिए बढ़ा दिया है। अब यह छूट 31 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगी। इससे पहले यह सुविधा 31 अक्टूबर तक ही लागू थी। सरकार का उद्देश्य घरेलू बाजार में कपास की उपलब्धता बनाए रखना और कपड़ा उद्योग की उत्पादन लागत को नियंत्रित करना है।

इस फैसले की मुख्य वजह देश में कपास की घरेलू उपलब्धता और कीमतों को लेकर बनी चुनौती है। कपड़ा मिलों को पर्याप्त मात्रा में बेहतर गुणवत्ता वाला कपास उपलब्ध कराने और उत्पादन लागत बढ़ने से रोकने के लिए आयात शुल्क छूट को आगे बढ़ाया गया है।



श्रीगंगानगर। *नई धानमंडी में नरमे की तुलाई कर उसे ट्रक में भरते मजदूर।*

एमएसएमई और कपड़ा मिलों को मिलेगा लाभ

कपड़ा मंत्रालय के अनुसार, इस कदम से विशेष गुणवत्ता वाले कपास की आपूर्ति सुनिश्चित होगी और छोटे एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को विशेष लाभ मिलेगा। कच्चे माल की उपलब्धता बेहतर होने से कपड़ा निर्माण लागत में कमी आएगी और भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। मंत्रालय ने कहा कि सरकार टेक्सटाइल क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने और भारतीय कपड़ा उद्योग को वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति दिलाने के लिए लगातार नीतिगत कदम उठा रही है।

कपड़ा निर्यात में दर्ज हुई वृद्धि

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब भारत का कपड़ा निर्यात बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में कपड़ा निर्यात में सालाना आधार पर 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 29,776 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अप्रैल से अगस्त 2026 के बीच कुल कपड़ा निर्यात 1.43 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.3 प्रतिशत अधिक है। अगस्त में कॉटन यार्न, फैब्रिक और हैंडलूम उत्पादों के निर्यात में भी 24.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कार्रवाई; भादरा में 50 किलो दूषित मिठाइयां नष्ट करवाई, 6 सैम्पल भरे



हनुमानगढ़ #सीमा सन्देश न्यूज।

दीपावली के अवसर पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल मिठाई, किराना व थोक दुकानों पर सतत निगरानी रख रहा है।

इसी क्रम में 30 अक्टूबर को भादरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद, अर्चना यादव और टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से रेंस्ड़ी संग्रहित किए। दल ने 'मै. श्री श्याम मावा मिष्ठान भंडार' से घी व बेसन लड्डू, 'मै. शिव गोरख मिष्ठान भंडार' से मावा, 'मै. जगदम्बा जोधपुर मिष्ठान भंडार' से मावा मिठाई व बेसन लड्डू और 'मै. श्री श्याम एंटरप्राइजेज' से चना दाल के नमूने लिए। इन सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

कार्रवाई के दौरान 'मैसर्स जगदम्बा जोधपुर मिष्ठान भंडार' से लगभग 50 किलोग्राम खराब हो चुकी मिठाइयां मौके पर ही नष्ट करवाई गईं। टीम ने सभी विक्रेताओं को गुणवत्ता और खाद्य मानकों का पूर्ण पालन करने की हिदायत दी।

दूसरी कक्षा के छात्र से मारपीट, 15 बच्चों पर एफआईआर

तीन स्कूलों में दिल दहलाने वाली घटनाएं

नोएडा। सेक्टर-71 स्थित ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल में दूसरी कक्षा के सात वर्षीय छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 15 से अधिक बच्चों ने छात्र को जमीन पर गिराकर पीटा। घर पहुंचने पर बच्चे ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पिता चिराग ढिंगरा ने स्कूल प्रबंधन से सीसीटीवी फुटेज मांगी।

आरोप है कि करीब नौ घंटे बाद फुटेज दिखाई गई, जिसमें कुछ बच्चे छात्र के साथ मारपीट करते नजर आए। पिता की शिकायत पर फेज-3 पुलिस ने बच्चों और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रबंधन ने घटना को गंभीर बताते हुए आंतरिक जांच की बात कही है।

6 वर्षीय छात्रा पर ईंट से हमला, भर्ती

पंचकूला। जिले के एक सरकारी स्कूल में तीसरी कक्षा के छात्र पर छह वर्षीय बच्ची से मारपीट का आरोप लगा है। घटना 28 अक्टूबर की दोपहर की है, जब बच्ची शौचालय की ओर जा रही थी। आरोप है कि छात्र उसे बहाने से खाली कक्षा में ले गया और वहां सिर बेंच पर पटका, लातों से पीटा तथा ईंट से वार किए। गंभीर रूप से घायल बच्ची को पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी बच्चे और उसके परिजनों से पूछताछ की है तथा बच्चे की मानसिक स्थिति का आकलन कराया जाएगा। शिक्षा विभाग ने मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दो दिन में रिपोर्ट मांगी है। घटना ने स्कूलों में छोटे बच्चों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

छात्रा पर आरी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

अनंतपुर। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में सरकारी स्कूल की कक्षा में 10वीं की छात्रा पर पेड़ काटने वाली आरी से जानलेवा हमला कर उसका चेहरा चीरने का मामला सामने आया है। राप्टाडु स्थित जिला परिषद हाई स्कूल में आरोपी कक्षा में घुसा और छात्रा के चेहरे, सिर व पीठ पर वार कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची एक अन्य छात्रा भी घायल हो गई। घायल छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी छात्रा का दूर का रिश्तेदार था और किसी बात को लेकर उससे रंजिश रखता था।

जयपुर डायलॉग्स में पंजाब के नशे और यूपी की राजनीति पर मंथन

जयपुर। जयपुर डायलॉग्स के दूसरे दिन राजनीतिक सत्रों में पंजाब में नशे के बढ़ते नेटवर्क, ड्रोन से हथियार व ड्रग्स तस्करी और उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। 'सोशल मीडिया में नैरेटिव वार तथा लुटियंस मीडिया' सत्र में वक्ताओं ने सोशल मीडिया को अनगाइडेड मिसाइल बताते हुए फर्जी सूचनाओं और भ्रामक नैरेटिव से सतर्क रहने की जरूरत बताई। 'पंजाब' सत्र में वक्ताओं ने सीमावर्ती राज्य होने के कारण सुरक्षा चुनौतियों और ड्रोन के जरिए तस्करी को गंभीर मुद्दा बताया। वहीं 'योगी बनाम अखिलेश' सत्र में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था, निवेश और 2027 विधानसभा चुनाव की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

पुलिस अधीक्षक ने अतिसंवदेनशील मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया

पंचायती चुनावों को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस

नोहर #सीमा सन्देश न्यूज।

पंचायती राज चुनाव-2026 को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने शनिवार को नोहर क्षेत्र की रतनपुरा, जसाना एवं फेफाना ग्राम पंचायतों के अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर जिला एवं ब्लॉक निर्वाचन कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मतदाता और कार्मिक तत्काल संपर्क कर सकें। साथ ही आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने तथा मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सतर्कता बरतने और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी सुनीता यादव, तहसीलदार बजरंग लाल, पुलिस उप अधीक्षक सुभाष पूनियां, विकास अधिकारी श्याम सुंदर मूंड, सहायक विकास अधिकारी सुखदेव सिंह, नायब तहसीलदार रामसिंह थालौड़, गिरदावर आनंद कुमार एवं मनोज कुमार सहित संबंधित बीएलओ एवं पटवारी मौजूद रहे।





स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528